इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 197 | राजनांदगांव, शुक्रवार 05 जून 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## होर्मुज संकट के बीच वेनेजुएलाई राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज भारत आईः पीएम मोदी से मिली, तेल सप्लाई पर बड़ा समझौता संभव

नई दिल्ली। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने पीएम मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब भारत और वेनेजुएला के बीच ऊर्जा सहयोग तेजी से बढ़ा है।



माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच तेल सप्लाई को लेकर बड़ा समझौता हो सकता है। इससे पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने भी डेल्सी रोड्रिगेज से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि भारत-वेनेजुएला संबंधों को मजबूत करने में रोड्रिगेज की लंबे समय से महत्वपूर्ण भूमिका रही है और प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बातचीत दोनों देशों के सहयोग को और आगे बढ़ाएगी। अमेरिका ने 4 जनवरी को तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का तख्तापलट कर दिया था। इसके बाद से रोड्रिगेज कार्यवाहक राष्ट्रपति हैं। रोड्रिगेज की भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब भारत ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी नई चुनौतियों का सामना कर रहा है। होर्मुज संकट की वजह से भारत वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं की तलाश कर रहा है।

### वेनेजुएला तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना

एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, मई 2026 में वेनेजुएला ने तेल सप्लाई के मामले में सऊदी अरब और अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल रूस और ईडी ने ही उससे ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है।

अमेरिका ने जनवरी में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वहां के तेल निर्यात पर कुछ ढील दी थी। उसी के बाद अप्रैल से भारत में फिर से वेनेजुएला का तेल आना शुरू हुआ। करीब 303 अरब बैरल तेल भंडार के साथ वेनेजुएला दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार वाला देश माना जाता है। यह भंडार सऊदी अरब और अमेरिका से भी ज्यादा है। अब अमेरिका और वेनेजुएला दोनों कोशिश करेंगे कि भारत के साथ ऐसा समझौता हो, जिससे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ निकाय और पंचायत चुनाव परिणाम 2026

## पांच नगर पंचायतों में तीन पर बीजेपी और दो पर कांग्रेस का कब्जा

रायपुर। छत्तीसगढ़ नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायत उपचुनावों के रिजल्ट गुरुवार को घोषित हुए। इसमें प्रदेश की पांच नगर पंचायतों में से बीजेपी ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने दो सीटों पर कब्जा जमाया है।



### कौन कहां जीता

शिवनंदनपुर (सूरजपुर): भाजपा समर्थित प्रत्याशी रितेश जायसवाल अध्यक्ष का चुनाव जीते। यहां वार्डों में कांग्रेस ने 8 सीटें जीतकर कड़ी टक्कर दी। **घुमका** (राजनांदगांव): नई पंचायत में कांग्रेस की फूलमती वर्मा ने महज 85 वोटों से अध्यक्ष पद जीती, लेकिन 15 में से 10 वार्डों पर भाजपा ने बाजी मारी। **पलारी** (बालोद): कांग्रेस के यानेश कुमार अध्यक्ष निर्वाचित हुए और पार्टी ने यहां 9 वार्डों में भी जीत का परचम लहराया। **सहसपुर लोहारा** (कबीरधाम): बीजेपी के सरिता संतोष मिश्रा ने विरोधी प्रतिद्वंद्वी को 754 वोटों के बड़े अंतर से हराकर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। **बामनीडीह** (जांजगीर-चांपा): भाजपा का दबदबा रहा। पार्टी के रमेश डड़सेना अध्यक्ष चुने गए और 15 में से 11 वार्डों में भी भाजपा की जीत हुई।

बता दें कि पंचायत और निकायों में आम और उप निर्वाचन एक जून को शांतिपूर्ण तरीके से हुआ था। राज्य के नगरीय निकायों में अध्यक्ष के 5 पद और पार्षद के 71 पदों के लिये चुनाव हुए थे। कुल 1,310 रिक्त पदों के लिए 96 मतदान केन्द्रों में कुल 31 हजार 928 मतदाताओं में से 27 हजार 6 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। त्रि-स्तरीय पंचायत में जनपद सदस्य के 10, सरपंच के 34 और वार्ड पंच के 107 पदों के निर्वाचन के लिए बनाए गए 274 मतदान केंद्रों में कुल 1 लाख 2 हजार 797 मतदाताओं में से 79 हजार 968 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नगरीय निकायों में चुनाव के लिए तय समय 5 बजे तक और त्रिस्तरीय पंचायतों में मतदान दोपहर 3 बजे तक निर्धारित रहा। इस चुनाव ने स्थानीय स्तर पर राजनीतिक तस्वीर साफ कर दी है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि नगरीय निकायों के मतों की गणना 13 मतगणना स्थलों पर हो रही है। इसके लिए 395 अधिकारियों-कर्मचारियों कि ड्यूटी लगी है। त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव मतपेटी के माध्यम से कराए गए।

### कांग्रेस की वापसी

कांग्रेस ने नगर निगमों के उपचुनावों में शानदार वापसी की है। बस्तर जिले के जगदलपुर नगर निगम के इन्दिरा वार्ड (वार्ड क्र.1) से कांग्रेस के रामकृष्ण तिवारी ने जीत दर्ज की। बिलासपुर नगर निगम के संजय गांधी नगर (वार्ड क्रमांक 29) से कांग्रेस प्रत्याशी शेख आजम ने बीजेपी उम्मीदवार को कड़ी देकर जीत दर्ज की। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक, नगरीय निकायों में लगभग 84.58 प्रतिशत और ग्रामीण पंचायत क्षेत्रों में 78 प्रतिशत से अधिक रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया है।

## कांगो, युगांडा से छत्तीसगढ़ लौटे यात्रियों में इबोला के लक्षण नहीं, 21 दिन तक रहेंगे होम आइसोलेशन में

रायपुर। दुर्ग जिले में वर्तमान में कुल तीन यात्री अफ्रीका से आये हैं। तीन यात्रियों में जांच के बाद इबोला वायरस के लक्षण नहीं मिले हैं। इसके बाद भी नो सिम्टोमैटिक, नो हिस्ट्री ऑफ कॉनटैक्ट होने के कारण तीनों यात्रियों को 21 दिन के लिए होम आइसोलेशन में रखा गया है। जिनकी प्रतिदिन सुबह और शाम को टेलीफोन के माध्यम से स्वास्थ्य संबधित जानकारी ली जा रही है। इन तीन यात्रियों में एक कांगो से दुर्ग 31 मई 2026 को आई हैं। वहीं दो अंतर्राष्ट्रीय यात्री भिलाई में दो जून 2026 को पहुंचे। इनमें एक इथोपिया से और एक युगांडा से आये हैं। वर्तमान में तीनों यात्री असिम्टमैटिक एवं पूरी तरह स्वस्थ हैं। एवं उन्हें किसी प्रकार की तकलीफ होने से ट्रेसिंग टीम/स्वास्थ्य विभाग/कंट्रोल रूम एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग को जानकारी देने के लिये कहा गया है। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को एयरपोर्ट पर क्लिनिकल स्क्रीनिंग किया जा रहा हैं। दुर्ग जिले में आये तीनों अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को नो सिम्टोमैटिक, नो हिस्ट्री ऑफ कॉनटैक्ट होने के कारण सेल्फ निगरानी अंतर्गत 21 दिन के लिये होम आइसोलेशन पर रखा गया हैं। इबोला वायरस लक्षणः बुखार, उल्टी, पेट दर्द, जोड़ो में दर्द, अत्यधिक थकान, सिर दर्द अधिक वाटरी डायरिया के लक्षण पाये जाते हैं।



## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से बाहर होगा पाकिस्तान

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। दुनिया के सबसे शक्तिशाली कूटनीतिक निकाय के रूप में पहचाने जाने वाले NSC में पांच नए देशों को गैर-स्थायी सदस्य के रूप में चुना गया है। इस बदलाव के साथ ही पाकिस्तान, पनामा, डेनमार्क, ग्रीस और सोमालिया का कार्यकाल इस साल के अंत में समाप्त हो जाएगा। ये नए सदस्य 1 जनवरी, 2027 से अपना कार्यभार संभालेंगे और 31 दिसंबर, 2028 तक परिषद का हिस्सा रहेंगे। इस चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान रहा, जिसने इतिहास में पहली बार सुरक्षा परिषद में अपनी जगह बनाई है। जानकारी के अनुसार, इस साल 5 सीटों के लिए 7 देशों के बीच मुकाबला था। पहले राउंड में ऑस्ट्रिया, पुर्तगाल, त्रिनिदाद और टोबैगो और जिम्बाब्वे ने जीत हासिल की। अंतिम सीट के लिए किर्गिस्तान और फिलीपींस के बीच कड़ी टक्कर हुई, जिसमें चार चरणों के मतदान के बाद किर्गिस्तान विजयी रहा। सुरक्षा परिषद में गैर-स्थायी सीट जीतने के लिए उम्मीदवार देश को संयुक्त राष्ट्र महासभा में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्य देशों के दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। यदि (शेष पृष्ठ 6 पर...)



**किर्गिस्तान ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत**

## भारतमाला घोटाले में ईडी का बड़ा एक्शनः आरोपी जयप्रकाश गांधी गिरफ्तार, कोर्ट ने 3 दिन के लिए रिमांड पर सौंपा

रायपुर। भारतमाला परियोजना घोटाले में गुरुवार को ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले के आरोपी जयप्रकाश गांधी को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने के साथ ही ईडी ने गांधी को कोर्ट में पेश किया। ईडी की डिमांड पर कोर्ट ने कोर्ट ने जयप्रकाश गांधी को तीन दिन की रिमांड पर सौंपा।



**मिलना था 56.76 लाख, हासिल किए लगभग 9.83 करोड़ रुपये**

### मुआवजे के लिए धोखाधड़ी की चल रही जांच

इस कार्रवाई को लेकर ईडी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय, रायपुर ज़ोनल ऑफ़िस ने 3 जून को छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के अभनपुर के रहने वाले जयप्रकाश गांधी को, भारतमाला हाईवे ज़मीन अधिग्रहण मुआवज़ा धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत गिरफ़्तार किया है। ईडी ने छत्तीसगढ़ के ACB/EOW द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जाँच शुरू की थी। यह एफआईआर भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर-विशाखापत्तनम आर्थिक गलियारा परियोजना के लिए अधिग्रहित ज़मीन के मुआवज़े के वितरण में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं और धोखाधड़ी से संबंधित थी।

### ज्यादा मुआवजा पाने के लिए मिलीभगत

ईडी की जाँच में पता चला कि, जय प्रकाश गांधी ने अपने परिवार के सदस्यों और कुछ सरकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर, अधिसूचित हाईवे अलाइनमेंट (सीध) के दायरे में आने वाली ज़मीन को अधिग्रहित किया और बाद में उसे 500 वर्ग मीटर से कम के छोटे-छोटे टुकड़ों में बाँट दिया। आरोप है कि, ज़मीन का यह बँटवारा सिर्फ़ इस इरादे से किया गया था ताकि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से ज़्यादा मुआवज़ा हासिल किया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राज्यसभा चुनावः भाजपा ने जारी की 10 प्रत्याशियों की सूची; कांग्रेस ने सात उम्मीदवारों के नामों का किया एलान

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने साल 2026 के राज्यसभा चुनाव और उप-चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की नई सूची जारी कर दी है। पार्टी ने इस बार कई राज्यों में बड़े संगठनात्मक फेरबदल के संकेत दिए हैं। हाईकमान ने अनुभवी चेहरों और क्षेत्रीय क्षत्रपों पर बड़ा दांव खेला है।



**18 जून को होगी वोटिंग**

### दिग्गजों को मिला मौका, क्षेत्रीय संतुलन पर जोर

भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश से अपने कद्दावर नेता ताई तागाक को मैदान में उतारा है। वहीं, मणिपुर से ए. शारदा देवी को टिकट देकर पूर्वोत्तर में पार्टी ने बड़ा संदेश दिया है। मध्य प्रदेश से राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग और रजनीश अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया गया है। राजस्थान में भी पार्टी ने बड़ा उलटफेर किया है। यहां से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया और अलका गुर्जर को उच्च सदन भेजने की तैयारी है।

| क्र. | प्रदेश का नाम | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | ताई तागाक |
| 2 | गुजरात | राजुभाई शुक्ला |
| 3 | गुजरात | मुकेशभाई राठवा |
| 4 | गुजरात | मानसिंह परमार |
| 5 | गुजरात | जितेन्द्र मेघजीभाई कंजारिया |
| 6 | मध्यप्रदेश | तरुण चुग |
| 7 | मध्य प्रदेश | रजनीश अग्रवाल |
| 8 | मणिपुर | ए. शारदा देवी |
| 9 | राजस्थान | डॉ. अलका गुर्जर |
| 10 | राजस्थान | डॉ. सतीश पूनिया |

### कांग्रेसः किसे कहां से मिला टिकट

| क्र. | राज्य | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|
| 1 | कर्नाटक | मल्लिकार्जुन खरगे |
| 2 | कर्नाटक | पवन खेड़ा |
| 3 | कर्नाटक | मंसूर अली खान |
| 4 | मध्य प्रदेश | मीनाक्षी नटराजन |
| 5 | तमिलनाडु | प्रवीण चक्रवर्ती |
| 6 | झारखंड | प्रणव झा |
| 7 | राजस्थान | नीरज डांगी |

कांग्रेस ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव 2026 के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मंजूरी के बाद सात उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लगाई गई है। सूची में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा को कर्नाटक से उम्मीदवार बनाया गया है।कांग्रेस की ओर से जारी सूची के अनुसार, कर्नाटक से मल्लिकार्जुन खरगे, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएम शुभेंदु पीए हत्याकांडः बलिया के आरोपी मोनू ने किया सरेंडर, पत्नी बोली- पति निर्दोष, मुझे सीबीआई पर भरोसा

बलिया। पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ हत्याकांड में कार खरीदने वाला बलिया जिले के बांसडीह रोड क्षेत्र के शीतल दवनी गांव निवासी ज्ञानेंद्र सिंह मोनू बृहस्पतिवार को गैंगस्टर कोर्ट में हाजिर हो गया। इसकी पुष्टि मोनू की पत्नी महिमा सिंह ने किया, कहा कि पति को फर्जी रूप से फंसाया जा रहा है।



### क्या है पूरा मामला

ज्ञानेंद्र पर हत्याकांड में प्रयोग की गई कार खरीदने व नवीन को असलहा देने का आरोप है। यूपी एसटीएफ व सीबीआई टीम काफी दिनों से ज्ञानेंद्र की तलाश कर रही थी। वह जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंक कर पूर्व में चल रहे गैंगस्टर मामले में कोर्ट में हाजिर हो गया। इसकी खबर लगते ही जांच एजेंसियां सक्रिय हो गईं।

ज्ञानेंद्र सिंह मोनू के हाजिर होने से एक घंटा पूर्व मोनू ने फेसबुक पर पोस्ट डाली थी, जिसमें वह पीएम व सीएम से चंद्रनाथ रथ हत्याकांड मामले में फर्जी रूप से फंसाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराने की गुहार लगा रहा है। उसने गांव के एक व्यक्ति पर षणयंत्र रचने का आरोप लगाया। जांच के बाद ही पता चलेगा कि रथ हत्याकांड में मोनू का क्या भूमिका है।

### ज्ञानेंद्र पर कई राज्यों व थानों में दर्ज हैं 12 से ज्यादा मामले

रथ हत्याकांड की जांच कर रही सीबीआई टीम के निर्देश पर यूपी एसटीएफ व फेफना पुलिस ने थमह्वपुरा गांव निवासी नवीन सिंह के पास से पांच असलहा व 45 कारतूस बरामद किया था। नवीन ने मोनू सिंह व भीखपुर निवासी गोलू सिंह (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इंडिया गठबंधन में पड़ी दरारः डीएमके ने 8 जून को होने वाली बैठक से बनाई दूरी

चेन्नई। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने आठ जून को नई दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में भाग न लेने का फैसला किया है। पार्टी ने कांग्रेस पर तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के बाद विश्वासघात करने का आरोप लगाया है। बता दें कि विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस, डीएमके का साथ छोड़कर टीवीके के साथ गठबंधन में शामिल हो गई थी, जिसे डीएमके ने धोखा करार दिया था। बता दें कि डीएमके इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगियों में से एक थी। डीएमके ने अपने एक बयान में कहा है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए विश्वासघात से उनके कैडर को गहरा आघात पहुंचा है। उनकी भावना का सम्मान करते हुए, डीएमके इंडिया गठबंधन की उस बैठक में शामिल नहीं होगी, जिसमें कांग्रेस पार्टी भाग लेगी। हालांकि डीएमके इस बैठक में उपस्थित नहीं होगी, लेकिन पार्टी ने स्पष्ट किया है कि वह राष्ट्र के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज उठाना जारी रखेगी। गठबंधन में शामिल अन्य दलों द्वारा उठाए जाने वाले राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर डीएमके हमेशा की तरह अपनी राय रखेगी। इस निर्णय से (शेष पृष्ठ 6 पर...)



**कांग्रेस पर लगाया धोखा देने का आरोप**

## संसद के मानसून सत्र में परिसीमन बिल लाने की तैयारी, विपक्षी दलों से संपर्क में केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार संसद के मानसून सत्र में परिसीमन बिल लाने की तैयारी कर रही है. इस बार सरकार बिल पेश करने से पहले सभी बड़े क्षेत्रीय दलों को साथ लेकर चलना चाहती है. इसी कोशिश में डीएमके और टीएमसी जैसे दलों से बातचीत शुरू हो चुकी है. केंद्र सरकार इस बार स्मार्ट तरीके से आगे बढ़ना चाहती है. पिछली बार जब यह मुद्दा उठा था तो काफी विरोध हुआ था. सूत्रों के अनुसार, इसलिए इस बार सरकार ने पहले ही क्षेत्रीय दलों से बातचीत शुरू कर दी है. टीएमसी यानी ममता बनर्जी की पार्टी और डीएमके यानी तमिलनाडु में स्टालिन की पार्टी, दोनों से सरकार ने संपर्क किया है.



### कांग्रेस 'बांटों और राज करो' की पॉलिटिक्स अंग्रेजों से सीखकर आई, बोले पीएम मोदी

सूत्रों के मुताबिक टीएमसी के कई सांसद सरकार की बात सुनने और बातचीत में शामिल होने के लिए तैयार हैं. उन्होंने सकारात्मक रुख दिखाया है. हालांकि पार्टी ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है. मतलब खुलकर न हां कही है न ना. डीएमके ने भी बातचीत में कोई सख्त रुख नहीं अपनाया है. पार्टी फिलहाल सरकार के नए ड्राफ्ट यानी बिल के नए लिखित प्रस्ताव का इंतजार कर रही है. जब नया प्रस्ताव सामने आएगा तब डीएमके अपनी पूरी राय देगी.

### परिसीमन क्या होता है?

देश में लोकसभा और विधानसभा की सीटें तय होती हैं. हर सीट के लिए एक इलाका होता है जिसे निर्वाचन क्षेत्र कहते हैं. परिसीमन यानी इन इलाकों की सीमाएं नए सिरे से तय करना. जनसंख्या बढ़ती है, लोग एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं, तो सीटों की सीमाएं और संख्या बदलने की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अब बंद होने वाली है भारत की विदेशी तेल-गैस पर निर्भरता, 37,500 करोड़ रुपये की योजना को मिली मंजूरी

नई दिल्ली। पश्चिमी एशिया के युद्ध और कतर संकट के बीच भारत सरकार ने विदेशी ऊर्जा की निर्भरता को खत्म करने के लिए 37,500 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी है। भारत अपनी 50 प्रतिशत से अधिक एलएनजी और 90 प्रतिशत मेथोनॉल के लिए विदेशों पर निर्भर है। इस कमजोरी को दूर करने के लिए सरकार ने देश के पांचवें सबसे बड़े कोयला भंडार को सिनगैस (गैस) में बदलने का बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत घरेलू कोयले की राख से निपटने के लिए स्पेशल तकनीक का इस्तेमाल कर यूरिया और ईंधन का उत्पादन यहीं किया जाएगा, जिससे भारत पूरी तरह आत्मनिर्भर बनेगा।



### कोयले से बनेगी खाद और गैस

विदेशी ताकतों और प्रतिबंधों की धमकियों के बीच सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ सरफेस कोल एंड लिग्नाइट गैसीफिकेशन प्रोजेक्ट्स के लिए पूरे 37,500 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत भारत अपने विशाल कोयला भंडार को सिनगैस में बदलेगा। यह एक ऐसी गैस है जिससे खाद, केमिकल, मेथोनॉल और सिंथेटिक नेचुरल गैस बनाई जा सकती है। भारत वर्तमान समय में 20 प्रतिशत यूरिया और 100 प्रतिशत अमोनिया बाहर से मंगाता है।

### होर्मुज बंद हुआ तो रुक जाएगी गैस सप्लाई

भारत अपनी कुल जरूरत की करीब 40-50 प्रतिशत लिक्विफाइड नेचुरल गैस अकेले कतर से लेता है। संयुक्त अरब अमीरात और कतर से आने वाली ज्यादातर गैस स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर भारत पहुंचती है। यदि युद्ध के दौरान यह समुद्री मार्ग बंद हो जाता है, तो देश में गैस (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## पहला कॉलम...

### घुमका की जनता ने भाजपा को दिखाया आईना - संतोष पिल्ले

**अहंकार और निरंकुशता नहीं छोड़ी तो आने वाले चुनावों में भी जनता सिखाएगी सबक, कांग्रेस की जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह**



**राजनांदगांव (दावा)।** घुमका नगर पंचायत चुनाव परिणामों को भाजपा की नीतियों और कार्यशैली के खिलाफ जनता का स्पष्ट संदेश बताते हुए नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि डबल इंजन सरकार का दावा करने वाली भाजपा को जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से आईना दिखाया है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा अपने अहंकार और निरंकुश रवैये को नहीं छोड़ती है तो भविष्य में भी जनता इसी तरह जवाब देने के लिए तैयार बैठी है। श्री पिल्ले ने घुमका नगर पंचायत के आम चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह चुनाव परिणाम जनता की भावना और भाजपा सरकार की कार्यशैली के प्रति लोगों की नाराजगी का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और केंद्र में सत्ता में होने के बावजूद भाजपा जनता की मूलभूत समस्याओं को दूर करने में असफल रही है जिसका जवाब मतदाताओं ने चुनाव में दिया है। श्री पिल्ले ने कहा कि भाजपा लगातार डबल इंजन सरकार का प्रचार करती रही, लेकिन घुमका की जनता ने यह साबित कर दिया कि केवल नारों और दावों से विकास नहीं होता। जनता अपने अधिकारों, सुविधाओं और स्थानीय समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देती है। जब जनप्रतिनिधि और सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते तब मतदाता लोकतांत्रिक तरीके से अपना निर्णय सुनाते हैं।

उन्होंने कहा कि घुमका नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने अध्यक्ष पद सहित चार वार्डों में जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया है कि जनता का भरोसा कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर लगातार बढ़ रहा है। इस जीत ने कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान की है। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं का मनोबल बढ़ा है तथा आने वाले चुनावों के लिए सकारात्मक माहौल बना है। श्री पिल्ले ने कहा कि भाजपा को इस परिणाम से सबक लेना चाहिए और जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए अपने कार्य व्यवहार में बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने घुमका की जनता, कांग्रेस प्रत्याशियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देकर उनके हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी। यह जीत जनता के विश्वास, कार्यकर्ताओं की मेहनत और कांग्रेस की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता की जीत है।

### दीपक बैज की निर्णायक रणनीति से मिली जीत - आफताब आलम



राजनांदगांव (दावा)। 'नगर पंचायत घुमका में कांग्रेस की शानदार जीत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की निर्णायक रणनीति, दूरदर्शी नेतृत्व तथा विपिन यादव एवं उनकी पूरी टीम के अथक परिश्रम का परिणाम है। यह विजय केवल एक स्थानीय निकाय चुनाव की जीत नहीं, बल्कि जनता के कांग्रेस पर बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। घुमका की जनता ने विकास, जनहित और कांग्रेस की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है।

नगर पंचायत घुमका में कांग्रेस की यह जीत प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता वापसी की शुरुआत का स्पष्ट संकेत है। हम सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस ऐतिहासिक विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मिलेट कैफे संचालन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**राजनांदगांव (दावा)।** जिले में महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से मिलेट कैफे संचालन हेतु अनुभवी निजी संस्थाओं व कंपनियों से अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। संस्था को मिलेट आधारित खाद्य उत्पादन प्रशिक्षण, कैफे संचालन, विपणन एवं वित्तीय सहयोग का अनुभव होना आवश्यक है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय उप संचालक कृषि राजनांदगांव प्राप्त की जा सकती है तथा जिले के अधिकारिक वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है। मिलेट कैफे संचालन हेतु इच्छुक एवं पात्र संस्था 15 दिवस के भीतर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### कीर्तनराम वर्मा का निधन



डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। समीपस्थ ग्राम रीवागहन निवासी कीर्तन राम वर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे एक, पुत्र पत्नी नाती-पोती सहित भरापूरा परिवार छोड़कर चले गए। उनका अंतिम संस्कार गांव में स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने स्व. वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।









## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन

# खाद-बीज संकट और डीजल किल्लत को लेकर किसान कांग्रेस का हल्ला बोल

### डोंगरगांव में फूटा अन्नदाताओं का गुस्सा : बोले- स्वागत-सत्कार और भाषणों से नहीं, जमीनी समाधान से मिलेगा न्याय

**राजनांदगांव (दावा)।** खरीफ सीजन की शुरुआत से ठीक पहले छत्तीसगढ़ के अन्नदाताओं को खाद, उन्नत बीज और डीजल जैसी बुनियादी कृषि आवश्यकताओं के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोसायटियों में लग रही लंबी कतारों और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस की जिला इकाई ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने डोंगरगांव में प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। जिसमें किसानों की सुलगती समस्याओं के त्वरित और स्थाई समाधान की पुरजोर मांग की गई है।

#### प्रभावशाली लोगों को मिल रही खाद, आम किसान भटक रहा

किसान कांग्रेस के नेताओं ने आंदोलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश का अन्नदाता इस समय अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रहा है। हर सुबह किसान इस उम्मीद में सोसायटी और खुले बाजार की ओर दौड़ता है कि उसे खेती के लिए डीएपी या ट्रैक्टर के लिए डीजल मिल जाएगा, लेकिन दिनभर की मशक्कत के बाद उसके हाथ केवल निराशा लगती है। नेताओं ने आरोप लगाया कि रसूखदार और प्रभावशाली लोग आसानी से खाद-बीज की व्यवस्था कर लेते हैं, जबकि आम छोटा किसान एक-एक कट्टे के लिए भटक रहा है। सरकार केवल स्वागत-सत्कार और बड़े-बड़े भाषणों में व्यस्त है, जबकि जरूरत धरातल पर उतरकर राहत देने की है।



#### मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

**किसान कांग्रेस की जिला इकाई ने मुयमंत्री से आग्रह किया है कि वे इन न्यायसंगत मांगों पर पूरी संवेदनशीलता से विचार कर संबंधित विभागों को कड़े निर्देश जारी करें। संगठन ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि किसानों की इन बुनियादी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में एक व्यापक और उग्र जनआंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य क्रांति बंजारे, हेमंत साहू, चुमन साहू, पुरुषोाम साहू, गौतम वर्मा, ललिता टार्जन, रामकुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, मोहनीश साहू, हेमसिंह साहू, जयचंद ठाकुर, पूरन साहू, ओमकार साहू, दिनेश पुराणिक और दशरथ ठाकुर सहित बड़ी संया में कांग्रेस पदाधिकारी व किसान प्रतिनिधि उपस्थित थे।**

#### किसान कांग्रेस की 10 प्रमुख मांगें

प्रति एकड़ केवल एक बोरी खाद देने के अव्यावहारिक नियम को तत्काल वापस लिया जाए। 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को तीन किश्तों में खाद देने की व्यवस्था बंद हो, उन्हें एकमुश्त खाद मिले ताकि सोसायटियों के बार-बार चक्कर न काटने पड़ें। ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल-पेट्रोल की निर्बाध आपूर्ति हो और जरीकैन (कैनियों) में डीजल देने पर लगी पाबंदी हटाई जाए। कृषि बिजली की बढ़ती दरों को नियंत्रित कर कृषि पंपों को मुफ्त बिजली दी जाए और अघोषित कटौती बंद हो। खुले बाजार में ऊंचे दामों पर हो रही खाद की जमाखोरी और ब्लैक मार्केटिंग को रोककर पूरे प्रदेश में एक समान दर लागू की जाए। कृषि ऋण की सीमा को नाकाफी बताते हुए इसे बढ़ाकर कम से कम 40,000 रूपए प्रति एकड़ किया जाए। धान और अन्य कृषि उपजों की राशि का भुगतान किश्तों के बजाय एकमुश्त किया जाए, ताकि किसान अपनी पारिवारिक जरूरतों का प्रबंधन कर सकें। उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य और कृषि अभियांत्रिकी विभाग की योजनाओं में पारदर्शिता लाकर लंबित सब्सिडी (अनुदान) का तुरंत भुगतान हो। ग्रामीण महिलाओं के बजट को राहत देने के लिए घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतें घटाई जाएं और वितरण की समय-अवधि कम की जाए। किसानों को उनकी पसंद और आवश्यकता के अनुरूप बीज चुनने की पूरी स्वतंत्रता दी जाए।

## रॉयल किड्स कॉन्वेंट में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस, स्टाफ और शिक्षकों ने लिया तंबाकू-मुक्त वातावरण का संकल्प

**राजनांदगांव (दावा)।** अंचल की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था रायल किड्स कॉन्वेंट (आरकेसी) में सामाजिक जिम्मेदारी और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व तंबाकू निषेध दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बर्सर डॉ. इंद्र कुमार वैष्णव ने ऑफिस स्टाफ, ट्रांसपोर्ट इंचार्ज और शिक्षकों को विशेष रूप से संबोधित किया। उन्होंने तंबाकू के जानलेवा दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालतेंहुए सभी से इस सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने का आह्वान किया।

#### युवाओं के लिए सबसे बड़ा खतरा है तंबाकू की लत

बर्सर डॉ. आई.के. वैष्णव ने अपने संबोधन में गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तंबाकू का सेवन न केवल इंसान के स्वास्थ्य को दीमक की तरह चाट जाता है, बल्कि यह पूरे परिवार और समाज को भी गहरे संकट में डाल देता है। उन्होंने विशेषकर युवा स्टाफ मेंबर्स और चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि युवावस्था में शौक या दोस्तों के दबाव में लगी तंबाकू की लत जीवनभर के लिए अनेक असाध्य और गंभीर शारीरिक व मानसिक समस्याएं पैदा कर सकती है। समय रहते इस आदत को छोड़ना ही बुद्धिमानी है।

#### डॉ. वैष्णव द्वारा रेखांकित किए गए 6 मुख्य बिंदु

तंबाकू और गुटखे के लगातार सेवन से फेफड़ों, मुंह, गले, सांस की नली और दिल की गंभीर व जानलेवा बीमारियां होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यह नशा न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। इससे युवाओं के ध्यान लगाने (एकाग्रता) और पढ़ाई पर बेहद बुरा असर पड़ता है। तंबाकू की पुरानी लत को छोड़ने में परिवार और सच्चे मित्रों का मानसिक समर्थन बहुत मददगार साबित होता है। नशा मुक्ति के लिए किसी भी स्थिति में सहायता मांगने से कभी हिचकिचाना नहीं चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान या तंबाकू का सेवन करना अन्य लोगों (पैसिव स्मोकर्स) के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभानी होगी। स्कूल प्रबंधन और परिवार को मिलकर बच्चों को प्रारंभिक उम्र से ही तंबाकू-निषेध के प्रति जागरूक करना होगा। इसके लिए शिक्षण संस्थानों में सख्त नियम और बड़ों का सकारात्मक मॉडल (अच्छा उदाहरण) होना महत्वपूर्ण है। यदि कोई व्यक्ति तंबाकू का सेवन छोड़ना चाहता है तो स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों, डॉक्टरों और सरकारी नशा मुक्ति हेल्थलाइन से त्वरित सहायता उपलब्ध है। समय रहते चिकित्सा मदद लेना जीवन बचाने जैसा है।

**सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने से दूसरों की सेहत को भी खतरा, स्कूल और अभिभावक मिलकर बच्चों को बचपन से करें जागरूक**

#### तंबाकू विरोधी नारों से गूंजा परिसर, पोस्टर किए प्रदर्शित

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान स्कूल के सभी स्टाफ मेंबर्स ने जोश के साथ तंबाकू विरोधी नारे लगाए और स्वरचित जागरूकता पोस्टर प्रदर्शित किए। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने भी तंबाकू के दुष्प्रभावों पर छोटे-छोटे प्रेरणादायक व्याख्यान दिए। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष प्रश्नोत्तर और परामर्श सत्र भी आयोजित किया गया। जिसमें स्टाफ और चालकों ने उत्सुकता से भाग लेकर अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस पूरे आयोजन का समापन विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी किए गए आधिकारिक घोषणापत्र और स्कूल परिसर को पूरी तरह तंबाकू-मुक्त वातावरण बनाए रखने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

#### अभिभावक पेश करें अच्छा उदाहरण : प्राचार्य

संस्था के प्रधानाचार्य (प्राचार्य) ने सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के जमीनी कार्यक्रम विद्यार्थियों और स्टाफ में स्वस्थ जीवनशैली की समझ विकसित करते हैं तथा समुदाय में सकारात्मक परिवर्तन लाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से भी विशेष आग्रह किया है कि वे घर के भीतर बच्चों के सामने कोई भी नशा न करें, बल्कि एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत कर इस पवित्र सामाजिक अभियान में विद्यालय का सहयोग दें।

### बदली जिंदगी : मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने से दुर्गा साहू की राह हुई आसान, पैरों की लाचारी को मात देकर बढ़ी आत्मनिर्भरता



**राजनांदगांव (दावा)।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। विकासखंड छुरिया के ग्राम जरहामहका निवासी दुर्गा साहू को योजना के अंतर्गत मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई है। जिससे उनके आवागमन की समस्या पूरी तरह से दूर हो गई है। दुर्गा साहू दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने से पहले उन्हें कहीं आने-जाने के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता था। दैनिक कार्यों के लिए भी उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने से वे अधिक आत्मनिर्भर हो गए हैं तथा आसानी से अपने आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन कर पा रही हैं। दुर्गा साहू ने बताया कि मोटराईज्ड ट्रायसायकल उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे उनका समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है तथा आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने इस सुविधा के लिए शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## ममता नगर के अनाज गोदाम में साढ़े 4 लाख की चोरी का पर्दाफाश



**मालिक के भरोसेमंद मैनेजर की रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई, आरोपियों से अनाज बिक्री के 7,900 नगद जब्त**

#### कोतवाली पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचा

**राजनांदगांव (दावा)।** सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के गोदाम से अनाज चोरी करने वाले दो आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से उक्त चोरी का अनाज बेचकर रखें हुए रकम 7 हजार 900 रुपए जब्त की है और उन्हें जेल की सलाखों में भेज दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि मामले के संदर्भ में प्रार्थी द्वारा 3 जून की रात्रि थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि औधोगिक क्षेत्र ममता नगर में स्थित दुलीचंद शिवचंद पारख फर्म संचालित है। जहां अनाज का गोदाम है एवं अनाज फिल्टर का काम किया जाता है तथा अनाज जमा रखा जाता है। उक्त फर्म के मालिक खूबचंद पारख हैं।

प्रार्थी ने बताया कि उक्त फर्म में विगत 40 वर्षो से मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उक्त गोदाम में मार्च 2026 से रखे हुए अनाज को समय अंतराल पर अज्ञात चोर द्वारा रात्रि के समय चोरी किया जाता रहा है। विगत समय में जब गोदाम का दरवाजा खोला गया तब तीन बार ताला एवं चैन को संदिग्ध स्थिति में पाया गया। गोदाम का मुआयना करने पर गोदाम में रखे हुए अनाज के कट्टो में कमी पायी गयी। मिलान करने पर अनाज चना खंडा, सोयाबीन, मसुर जुमला कीमत लगभग 4,50,000 रूपये को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाया गया है। इस रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलॉफ अप.क्र. 286/2026 धारा 331 (3), 305 बीएनएस पंजीबद्ध किया।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में उनके नेतृत्व में घटना स्थल पहुंचकर गोदाम तथा उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे का फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में मिले क्लू एवं मुखबीर की सूचना पर राहुल कुर्रे पिता ईश्वर कुर्रे उम्र 27 साल निवासी पुराना ढाबा वार्ड नं. 04 सतनामी पारा थाना लालबाग एवं दिनेश साहू पिता सिब्बू साहू उम्र 25 साल निवासी शिवनगर ढाबा रोड़ चिखली को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिस पर आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया अनाज के बिक्री की रकम जप्त कर तथा उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। टीआई श्री शाह ने बताया कि आरोपी राहुल कुर्रे के विरुद्ध थाना लालबाग में पहले से ही अपराधिक मामले दर्ज हैं।


### नाम परिवर्तन

प्रमाणित किया जाता है कि मैं रायसिंह आ. राजूराम जाति गोंड निवास ढोढरी, तहसील-मानपुर, पिन कोड नं. 491229 है।

यह कि मेरे नाम आधार कार्ड 232419934294 है, में रे सिंह आ. राजुराम एवं जन्मतिथि 01.01.1964 गलत रूप में दर्ज हो चुका है। मेरा वास्तविक नाम रायसिंह आ. राजुराम जाति गोंड जन्म तिथि 25. 11. 1964 है। जिसे आधार कार्ड सुधार करवाना चाहते है। जिस किसी को इस संबंध में आपति है तो 15 दिन के अन्दर आपत्ति कर सकते है। अतः सूचनार्थ जाने।

स्थान-मोहला
दिनांक- 04.06.2026

आवेदक
रायसिंह


### शुभांक

अनुमानित

बी. के.
2-4-0
800-8 247-3
राजधानी
3-5-9
128-1 290-1

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## पड़ोसी जिले दुर्ग में पहुंचा इबोला वायरस, राजनांदगांव में अलर्ट, कलेक्टर ने दिए निगरानी बढ़ाने के निर्देश

**विदेश से लौटे तीन नागरिकों में संक्रमण की पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद, पैनिक न होने की अपील**

**○ लक्षण : कोविड की तरह हाथ-पैर दर्द, बुखार और गले में खराश के साथ अचानक होने लगता है रक्तस्त्राव**




**राजनांदगांव (दावा)।** वैश्विक महामारी कोरोना का दंश झेल चुके आम नागरिकों के लिए एक और चिंताजनक खबर सामने आई है। छत्तीसगढ़ के पड़ोसी जिले दुर्ग में घातक संक्रामक इबोला वायरस ने दस्तक दे दी है। कांगो, इथियोपिया और युगांडा जैसे देशों से लौटे तीन नागरिकों में इबोला वायरस के संक्रमण की पुष्टि होने के बाद वहां का स्वास्थ्य अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। चूंकि दुर्ग और राजनांदगांव जिलों की सीमाएं आपस में जुड़ी हुई हैं और लोगों का आना-जाना निरंतर रहता है, इसलिए राजनांदगांव जिला प्रशासन ने भी इसे बेहद गंभीरता से लिया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने राजनांदगांव जिले में वायरस का फैलाव रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह सतर्क कर दिया है। सीमावर्ती क्षेत्रों सहित जिले भर में संदिग्ध मरीजों की निगरानी और स्क्रीनिंग बढ़ाने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। हालांकि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि इस वायरस को लेकर पैनिक (परामर्शहीन भय) होने की कतई आवश्यकता नहीं है, विभाग की ओर से सुरक्षा की पूरी तैयारी है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस घातक वायरस से बचाव और सुरक्षात्मक उपायों को लेकर शासन के स्वास्थ्य मंत्रालय स्तर पर एक सप्ताह पहले ही विस्तृत गाईड लाईन जारी की जा चुकी है। सरकारी स्तर पर समय रहते गाइडलाइन आने और अस्पतालों को मुस्तैद किए जाने से क्षेत्र के लोगों ने थोड़ी राहत की सांस ली है। यह वायरस मुख्य रूप से एक संक्रमित व्यक्ति के शरीर से दूसरे व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने (फ्लूइड कांटेक्ट) से फैलता है।

सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र प्रसाद ने बताया कि जिला चिकित्सालय बसंतपुर और शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री में संदिग्ध मरीजों के ब्लड की टेस्टिंग (रक्त परीक्षण) और उनके त्वरित व सुरक्षित इलाज की पूरी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस इबोला वायरस से अभी तक क्षेत्र में किसी की भी जान जाने की कोई खबर नहीं है, इसलिए डरने के बजाय सतर्क रहने की जरूरत है। यदि किसी भी व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखाई देते हैं, तो बिना समय गंवाए उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराना चाहिए।

#### इबोला वायरस के मुख्य लक्षण और पहचान

**जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन और जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र प्रसाद ने इबोला वायरस के लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। यह कोविड की तरह ही संक्रामक है। शुरुआत में मरीज के हाथ-पैर में तेज दर्द, अचानक तेज बुखार आना और गले में खराश जैसी परेशानियां होने लगती हैं। रोग के बढ़ने पर मरीज की हालत बिगड़ने लगती है और शरीर के अंदरूनी व बाहरी अंगों जैसे—नाक, कान, मुंह से अचानक खून (लड) का रिसाव होने लगता है। इसके साथ ही पेशाब और लेट्रीन के रास्ते भी लड आने की शिकायत होती है।**

#### मास्क लगाएं और दूरी रखें

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार चूंकि यह बीमारी एक शरीर से दूसरे शरीर के संपर्क में आने से फैलती है, इसलिए एहतियात बरतना ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। डॉक्टरों ने आम जनता को सलाह दी है कि घर से बाहर निकलते समय मुंह पर मास्क जरूर लगाएं। अनावश्यक रूप से भीड़-भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों पर जाने से बचें।

# महापौर की कड़े निर्देश : बारिश से पहले शहर के सभी बड़े नालों की सफाई के लिए झोंकें पूरी ताकत



**नगर निगम को मिली नई जेसीबी, महापौर मधुसूदन यादव ने पूजा-अर्चना कर चालक को सौंपी चाबी**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में सुविधा विस्तार की कडी में 15 वें वित्त आयोग योजनांतर्गत नया जेसीबी क्रय किया गया। जिसका वार्डो में साफ सफाई, पाईप लाईन एवं अन्य कार्यो के लिए उपयोग किया जायेगा। उक्त नये जेसीबी मशीन का महापौर मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल, पार्षद मनोहर यादव व सतीश साहू, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा, मोटर प्रभारी सुरेन्द्र साव की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर चालक को चाबी सौंपी। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि निगम के 4 जेसीबी लगभग 10-12 वर्ष पुरानी होने के कारण खराब हो जाती है। जिससे कचरा मलमा उठाने एवं पाईप लाईन के कार्य में बाधा उत्पन्न होती है। जिसे दुर करने नगर निगम द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत नये जेसीबी क्रय करने शासन को प्रस्ताव भेजा है। शासन स्वीकृति पश्चात् विधिवत प्रक्रिया कर नये जेसीबी मशीन क्रय किया गया। उक्त जेसीबी से अब शहर में साफ-सफाई, मलमा उठाने, नाला सफाई, पाईप लाईन के कार्य करने में आसानी होगी। उन्होने प्रभारी अधिकारी से कहा कि इसका उचित रख रखाव किया जाए एवं पुरानी जेसीबी मशीन को भी दुरूस्त रखा जाए और इसका उपयोग बारिश के पूर्व सभी बड़े नालो की सफाई करने में किया जाए।

# त्रिस्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन परिणाम घोषित : डोंगरगांव जनपद सदस्य पद पर द्वारिका दास टंडन विजयी, ककरेल के सरपंच बने नरेंद्र भारती

**○ मचानपार क्षेत्र में टंडन ने नेतराम देशलहरे को 75 मतों से हराया, ककरेल में नरेंद्र कुमार ने दर्ज की एकतरफा जीत**
**○ पंच चुनाव : ग्राम पंचायत खण्ड से दिलाशा साहू और मनगटा से डामेश्वरी साहू बनी पंच, पार्वती साहू का खाता भी नहीं खुला**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगांव निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 मचानपार से जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणाम की घोषणा की गई। जारी निर्वाचन परिणाम अनुसार जनपद पंचायत डोंगरगांव निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 मचानपार से जनपद पंचायत सदस्य के लिए द्वारिका दास टंडन निर्वाचित हुए। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी आत्माराम रात्रे को 235 मत, भानूराम नारंग को 610 मत, द्वारिका दास टंडन को 1269 एवं नेतराम देशलहरे को 1194 मत प्राप्त हुए। विधिमान्य मतों की कुल संख्या 3308, अविधिमान्य मतों की कुल संख्या 89, डाले गए मतों की कुल संख्या 3397 है।

इसी तरह ग्राम पंचायत ककरेल खण्ड राजनांदगांव से सरपंच पद के लिए निर्वाचन संपन्न कराया गया। केजूराम टण्डन को 319 मत, नरेन्द्र कुमार भारती को 455 मत, शंकर लाल देशलहरे को 380 मत प्राप्त हुए। जारी निर्वाचन परिणाम अनुसार ग्राम पंचायत ककरेल के सरपंच पद हेतु नरेन्द्र कुमार भारती को निर्वाचित घोषित किया गया। विधिमान्य मतों की कुल संख्या 1154, अविधिमान्य मतों की कुल संख्या 21, डाले गए मतों की कुल संख्या 1175 रही। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खण्ड राजनांदगांव वार्ड क्रमांक 20 पंच पद के लिए दिलाशा साहू को निर्वाचित घोषित किया गया। अनोखी बाई को 42 मत, दिलाशा साहू को 67 मत, पार्वती साहू को 0 मत प्राप्त हुए। विधिमान्य मतों की कुल संख्या 109, अविधिमान्य मतों की कुल संख्या 1, डाले गए मतों की कुल संख्या 110 रही। ग्राम पंचायत मनगटा खण्ड राजनांदगांव वार्ड क्रमांक 20 पंच पद के लिए डामेश्वरी साहू को निर्वाचित घोषित किया गया। डामेश्वरी साहू को 66 मत, कांति बाई साहू को 44 मत, संतोषी को 44 मत प्राप्त हुए। विधिमान्य मतों की कुल संख्या 154, अविधिमान्य मतों की कुल संख्या 2, डाले गए मतों की कुल संख्या 156 रही।

# गौ-तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप राजसात, कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जारी किया आदेश

**ग्राम पहलवान चारभांठा से कुल्हाड़ी ले जाए जा रहे थे 10 गौवंश, क्रूरता के कारण एक की हो चुकी थी मौत**

राजनांदगांव (दावा)। गौ-तस्करी और पशु क्रूरता के मामलों पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र यादव ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन ने अवैध रूप से गौवंश का परिवहन करते हुए पकड़ी गई एक बोलेरो पिकअप गाड़ी को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के कड़े प्रावधानों के तहत छत्तीसगढ़ शासन के पक्ष में राजसात (जब्त) करने का आदेश जारी कर दिया है। राजसात किया गया वाहन बोलेरो पिकअप (वाहन क्रमांक- एमएच 06 बीडब्ल्यू 5161) महाराष्ट्र के जैपुर (जिला वासिम) निवासी लाहू परसराम चौहान के स्वामित्व का है। कलेक्टर न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुनरीक्षण (रिवीजन) की तय अवधि समाप्त होने के बाद और सक्षम न्यायालय से किसी भी प्रकार का स्थगन या अन्य आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में इस वाहन को नीलाम किया जाएगा।

### नीलामी की राशि सरकारी खजाने में होगी जमा

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि वाहन की नीलामी के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाएगा। समिति द्वारा नियमानुसार खुली नीलामी की कार्रवाई की जाएगी और इससे प्राप्त होने वाली पूरी राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में सरकारी खजाने (ट्रेजरी) में दाखिल कर दिया जाएगा। हालांकि यदि इस आदेश के विरुद्ध सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से कोई अन्य आदेश प्राप्त होता है, तो आगे की कार्रवाई अदालती निर्देशानुसार तय होगी। यह पूरी कार्रवाई एक पुख्ता सूचना के बाद की गई थी। उक्त वाहन के जरिए कुल 10 नग गौवंश को अत्यंत क्रूरतापूर्वक, बिना चारा-पानी की व्यवस्था किए कत्लखाने की ओर ले जाया जा रहा था। तस्कर इन पशुओं को ग्राम पहलवान चारभांठा से ग्राम कुल्हाडी की ओर ले जा रहे थे। जब पुलिस ने गाड़ी को घेराबंदी कर पकड़ा, तब वाहन के भीतर दम घुटने और बेरहमी से बांधे जाने के कारण 1 गौवंश की मौत हो चुकी थी। जबकि 9 गौवंश जीवित अवस्था में बरामद किए गए थे। पुलिस ने पशु क्रूरता और अवैध परिवहन का मामला दर्ज कर केस कलेक्टर न्यायालय को सौंपा था। जिस पर अब यह अंतिम गाज गिरी है।

# गैंदाटोला पुलिस की कार्रवाई : प्लास्टिक बोरी में छिपाकर अवैध शराब बेचता आरोपी गिरफ्तार 21 पौवा देशी मदिरा जब्त



राजनांदगांव (दावा)। जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के कड़े निर्देशन में अवैध शराब, गांजा तस्करों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गैंदाटोला थाना पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए नहर नाली के पास प्लास्टिक की बोरी में छिपाकर अवैध रूप से शराब बेच रहे एक शातिर आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में देशी मदिरा और बिक्री की नगद राशि जब्त की है।

गैंदाटोला थाना प्रभारी ने मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार 3 जून को पुलिस टीम को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि गैंदाटोला नहर नाली के पास एक व्यक्ति सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब रखकर ग्राहकों को बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक विशेष टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रणनीतिक घेराबंदी की। पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे संदिग्ध को जवानों ने मुस्तैदी से धर दबोचा। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम राजकुमार यादव पिता स्व. गंगाराम यादव उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम जंगलपुर थाना गैंदाटोल बताया। जब पुलिस टीम ने आरोपी राजकुमार के पास मौजूद सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी की तलाशी ली तो उसके भीतर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। जिसमें 21 नग पौवा देशी प्लेन शराब (रोमियो, छत्तीसगढ़ निर्मित) प्रत्येक पौवे में 180 एमएल मदिरा सीलबंद थी। जिसकी कुल मात्रा 3.780 लीटर पाई गई। शराब बिक्री से कमाए गए 500 नगद भी मौके पर बरामद हुए। जब्त की गई शराब की कीमत 1,680 और नगद राशि मिलाकर कुल 2,180 का माल आबकारी अमले व पुलिस द्वारा जब्त किया गया।

### आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के पास शराब रखने या बेचने से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या लाइसेंस मौजूद नहीं था। पुलिस ने मौके पर ही जब्तीनामा तैयार कर शराब और नगद राशि को अपने कब्जे में लिया। आरोपी राजकुमार यादव के खिलाफ थाना गैंदाटोला में धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी के बाद कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए आरोपी को जमानत मुचलके पर रिहा किया गया है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार को पूरी तरह से ध्वस्त करने के लिए आगे भी इस तरह की कड़क कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# व्यापमं की डीएड प्रवेश परीक्षा में 1180 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**○ कड़ी सुरक्षा के बीच 22 केंद्रों में हुई प्रवेश परीक्षा**
**○ कोई नकल प्रकरण नहीं, परीक्षा शांति पूर्ण माहौल में संपन्न**

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर के शासकीय विद्यालयों व स्कूलों में गुरुवार 4 जून को व्यापम द्वारा डी एड प्रवेश परीक्षा कराया गया। उक्त परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। नकल प्रकरण एवं पेपर लीक जैसी गड़बड़ियां के मद्देनजर प्रवेश परीक्षाओं में सुधार के कई प्रयास किए गए। इस कड़ी में प्रवेश परीक्षा के दौरान सभी 22 केंद्रों में प्रक्रिया की निगरानी के लिए विडीयो ग्राफी भी कराई गई। वहीं व्यापमं के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र और फोटो युक्त पहचान पत्र साथ लाने व परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वाच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण,बैग, कैलकुलेटर, इयरफोन, धात्विक वस्तुएं और किसी प्रकार की नकल सामग्री लाने की मनाही थी। परीक्षार्थी को केवल नीले व काले बाल पेन उपयोग की अनुमति थी तथा आधी बाहर वाले सादे व हल्के रंग के कपड़े पहन कर परीक्षा केंद्र में आने के निर्देश थे। बता दें कि परीक्षार्थियों के प्रवेश, फ्रिक्सिंग और सत्यापन की प्रक्रिया दो घंटे पूर्व से ही प्रारंभ कर दी गई थी। परीक्षा केंद्र में उन्हें सुबह 9.30 बजे तक प्रवेश करना था। इतनी कड़ी सुरक्षा के बीच गुरूवार को हुई व्यापमं की डीएड प्रवेश परीक्षा में 6 हजार 712 परीक्षार्थियों को बैठने थे लेकिन 5 हजार 532 परीक्षार्थी बैठे व 1 हजार 180 अनुपस्थित रहे।

### दिग्विजय महाविद्यालय रहा समन्वयक केंद्र

दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि गुरुवार 4 जून को 22 केंद्रों में निर्विघ्न रूप से संपन्न हुए डीएड प्रवेश परीक्षा में दिग्विजय कालेज में 360 में से 300 परीक्षार्थियों की उपस्थिति रही। 60 अनुपस्थित रहे। कमला कालेज में 360 में से 279 अनुपस्थित व 63 अनुपस्थित, शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 360 में से 300 उपस्थित 60 अनुपस्थित, म्युनिसिपल हायर सेकेंडरी स्कूल में 360 में से 302 उपस्थित व 58 अनुपस्थित, बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में 360 में से 308, उपस्थित 52 अनुपस्थित, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी गर्ल्स स्कूल में 180 में से 152 बैठे 28 अनुपस्थित, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में 360 में से 306 बैठे 54 अनुपस्थित, सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल में 240 में से 198 बैठे 42 अनुपस्थित, ठॉ. प्यारेलाल स्कूल में 360 में से 302 बैठे 58 अनुपस्थित, एमएमएच स्कूल शंकरपुर में 180 मे से139 बैठें 41 अनुपस्थित, शासकीय पनेका स्कूल में 180 में से 156 बैठे 24 अनुपस्थित, मिनी माता शासकीय गर्ल्स स्कूल पेड्री में 180 मे से 151 बैठे 29 अनुपस्थित, गायत्री विद्यापीठ केसर नगर में 360 में से 298 बैठे 62 अनुपस्थित, श्री गुरुनानक स्कूल में ठीक इसी तरह की उपस्थिति रही। वहीं वाइडनर मेमोरियल ट्रस्ट स्कूल में 360 में से 285 बैठे 75 अनुपस्थित, रायल कालेज में 240 में से 193 बैठे 47 अनुपस्थित, नवजीवन स्कूल कौरिनभाठा में 360 में से 264 बैठे 66 अनुपस्थित, गुजराती स्कूल में 300 में से 246 बैठे 54 अनुपस्थित, वेसलीयन इंग्लिश स्कूल में 360 में से 286 बैठे 74 अनुपस्थित व श्री देवानंद जैन स्कूल में 300 में से 240 उपस्थित व 60 अनुपस्थित तथा सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरगांव रोड में 232 परीक्षार्थियों में से कुल 198 परीक्षार्थी बैठे और 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर सवा 12 बजे तक रही। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति व नकल प्रकरण जैसी घटनाएं नहीं हुई।

# हौसलों की उड़ान : अभिलाषा के अस्थिबाधित दिव्यांग छात्रा कु. वीणा ने 10वीं में 61 प्रतिशत और दृष्टिबाधित चुनेश्वरी ने 12वीं में 85 प्रतिशत अंक लाकर डोंगरगढ़ ब्लॉक का नाम किया रोशन





**विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया सम्मानित**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के स्तर को सुधारने और बच्चों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयास अब सुदूर अंचलों में रंग लाने लगे हैं। इस बार जिले के सामान्य बच्चों के साथ-साथ दिव्यांग बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। अभिलाषा छात्रावास में रहकर महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में पढ़ने वाली अस्थिबाधित दिव्यांग छात्रा कु. वीणा नेताम और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढ़ारा (डोंगरगढ़) की दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्रा कु. चुनेश्वरी रजक ने विपरीत परिस्थितियों को मात देकर प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर दोनों होनहार बेटियों को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के हाथों विशेष रूप से सम्मानित कराया गया।

### विपरीत परिस्थितियों में भी नहीं मानी हार, लाए बंपर अंक

जारी विवरण के अनुसार 10वीं की छात्रा कु. वीणा नेताम ने अपनी शारीरिक अक्षमता (अस्थिबाधित) को आड़े नहीं आने दिया और बोर्ड परीक्षा में 61 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम श्रेणी में जगह बनाई। वहीं डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम ढारा की दृष्टिबाधित (ब्लाइंड) छात्रा कु. चुनेश्वरी रजक ने 12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक लाकर न सिर्फ अपने स्कूल बल्कि पूरे विकासखंड का नाम रोशन किया। दृष्टिबाधित होने के बावजूद चुनेश्वरी की यह मेधा अन्य विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी मिसाल बन गई है।

### कलेक्टर की संवेदनशीलता : मेगा शिविर के मंच पर मिला बड़ा सम्मान

इन दोनों बच्चियों की असाधारण सफलता से जिला प्रशासन के आला अधिकारी बेहद प्रभावित हुए। कलेक्टर जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह और संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल एवं उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार से तुरंत संपर्क साधा। अधिकारियों ने तय किया कि 2 जून को जिले के दिव्यांगजनों के लिए आयोजित मेगा उपकरण वितरण शिविर के मुख्य मंच पर इन बेटियों को सम्मान मिलना चाहिए।

मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय और महापौर मधुसूदन यादव ने संयुक्त रूप से दोनों छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंटकर उनका हौसला बढ़ाया। छात्राओं की इस शानदार सफलता और जिला प्रशासन द्वारा मिले त्वरित प्रोत्साहन पर शिक्षा जगत और सामाजिक संस्थाओं में हर्ष की लहर है। इस गौरवपूर्ण क्षण पर एपीसी विश्वकर्मा, एमएलबी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती पूर्णिमा शुक्ला, ढ़ारा स्कूल की प्राचार्य सुश्री अपर्णा जमुलकर, शिक्षक समीर माड़वी, कुशालचंद जंघेल, महेंद्र सिंह यादव और नरेंद्र देवदास ने बच्चों की पीठ थपथपाई। इसके साथ ही अभिलाषा संस्था के संरक्षक गौतम पारख, अध्यक्ष संतोष कुमार बोद्दून, सचिव सीए रूपम सोनछत्रा, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपेयी, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, राजेश अग्रवाल, जनसंपर्क प्रभारी सूरज बुद्धदेव, सदस्य संतोष खंडेलवाल, सुदामा मोटलानी, महेश खंडेलवाल, श्रीमती अमृता खंडेलवाल, प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव और प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते ने जिला प्रशासन और डॉ. रमन सिंह के प्रति सहृदय आभार व्यक्त किया है। संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि यह सम्मान सुदूर वनांचल के अन्य दिव्यांग बच्चों में भी शिक्षा के प्रति एक नया विश्वास और जज्बा जगाएगा।

# मानव जीवन कल्याण के लिए राधा-माधव चरित्र का मनन करें : पंडित अर्पित भाई शर्मा





**श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास का तीसरा दिन**

राजनांदगांव (दावा)। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वाधान में आयोजित पावन पुरुषोत्तम मास के अवसर पर 16 दिवसीय सत्संग महोत्सव के तीसरे दिन दो दिवसीय श्री राधा-माधव चरित्र कथा की मीमांसा करते हुए व्यासपीठ पर अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि राधा-माधव का चरित्र जीवन को धन्य बनाने वाला है सत्संग के बिना जीवन पूर्ण नहीं होता। भक्ति, ज्ञान एवं सत्कर्म सत्संग से ही प्राप्त होते हैं तथा सत्संग से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। सत्संग की महिमा का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि सत्संग से विवेक उत्पन्न होता है तथा जीवन-मृत्यु, दुख-सुख की अनुभूति होती है।

कथा व्यास पूज्य अर्पित भाई शर्मा ने राधा-माधव चरित्र की विवेचना करते हुए कहा कि एक ब्रह्म स्वरूप ज्योति जो दो भागों में विभक्त हुई एवं उससे राधा-माधव प्रकट हुए। पूज्य आचार्य श्री ने राधारानी को शिव स्वरूप और श्रीकृष्ण को महाकाली का स्वरूप बताते हुए कहा कि कृष्ण अवतार के समय जब भगवान शिव ने शक्ति स्वरूपा देवी से कृष्ण अवतार की चर्चा की। तब सती ने कहा कि मैंने सती एवं सीता स्वरूप में बहुत दुख प्राप्त किए हैं। अतः अब आप राधा स्वरुप और मैं श्रीकृष्ण स्वरूप में अवतार लेना चाहती हूं। यही कारण है कि काली स्वरूप में श्री ष्ण ने एवं शिव स्वरूप में राधा रानी ने अवतार लिया है। हम देखते हैं कि भगवान श्रीकृष्णा हमेशा राधारानी के चरणों की सेवा में लगे रहते हैं। वास्तव में यह माता सती का शिव की सेवा का स्वरूप है। सनातन संस्कृति में पति की चरण सेवा पति द्वारा करना वर्जित है। फिर भी भगवान श्रीकृष्ण राधा के चरणों की सेवा में निरंतर लगे रहते हैं। एक कहावत भी है कि 'वृंदावन में हुकुम चले बरसाने वाली का, मेरा श्याम दीवाना है राधारानी का।' पूज्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने प्रेम की व्याख्या करते हुए गोपियों के प्रेम की मीमांसा की। उद्धव गोपी प्रेम संवाद के माध्यम से प्रेम की पराकाष्ठा का अनुभव कराया। वर्तमान समय में सांसारिक व्यक्ति प्रेम को नहीं समझ पाते। माचिस की तीली का उदाहरण देते हुए आचार्य श्री ने कहा कि तीली के अंतिम छोर तक अग्नि के पहुंचने के पूर्व तीली छोड़नी पड़ती है। गोविंद दामोदर श्लोक में गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम के दर्शन की स्तुति है। गोपिया प्रेम रूपी मथनी से मथकर श्रीकृष्ण चरित्र का गायन करती है।

### श्रीराधा नाम की महिमा

पूज्य अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि राधा नाम संकीर्तन की अपार महिमा है। सत्यभामा प्रसंग के माध्यम से राधा नाम की महिमा बताते हुए कहा कि तुला के एक और श्रीकृष्णा बैठे थे और दूसरी और सत्यभामा सहित सभी रानियां की बहुमूल्य वस्तुएं रखी थी, किंतु तुला अंश पर भी नहीं सरका। तब रुक्मणी जी ने सारे हीरे जवाहरात हटाकर एक तुलसी दल को गंगाजल से सिंचित करके उसमें अष्टगंध से श्री राधा नाम लिखकर तुला के दूसरी ओर रखा और देखते ही देखते श्रीकृष्ण की ओर का तराजू अपने आप ऊपर उठ गया। श्री प्रेमानंद महाराज का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 14 वर्षो से दोनों किडनी फेल होने के बावजूद राधा नाम संकीर्तन करने से आज भी वे स्वस्थ हैं। अजामिल का उदाहरण देते हुए कहा कि अजामिल ने अपने अंतिम समय में अपने पुत्र नारायण के नाम को पुकारा तो प्रभु उसे श्रीधाम लेकर चले गए। हम यदि लाडली जी के दास बन जाए तो जीवन सफल हो जाएगा। वेदों की व्याख्या करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि जिनकी चरण राज प्राप्त करने परम ब्रह्म परमेश्वर भी लालायित रहते हैं, उनको प्रणाम करें तो कल्याण हो जाएगा।

### प्रसाद की महिमा

प्रसाद की महिमा का बखान करते हुए पूज्य शर्मा ने कहा कि हम भोग लगाते हैं। भोग की थाली प्रभु के सामने रखते हैं। जब खाली वापस आती है तो उसमें तुलसी दल भी मिला रहता है। भोजन में तुलसी के आते ही वह प्रसाद बन जाता है। प्रसाद तीन अक्षर से बना है- पहला प्र अर्थात प्रत्यक्ष, सा अर्थात साक्षात एवं द अर्थात दर्शन। प्रत्यक्ष साक्षात दर्शन ही प्रसाद है। उन्होंने प्रसाद की महिमा भगवान जगन्नाथ के आनंद बाजार प्रसाद से की। गज एवं ग्राह की कथा की विवेचना करते हुए कहा कि गृह अर्थात मगर हम कथा में नहीं आते। तब कहते हैं कि मैं आने ही वाला था मगर। यही ग्राह हमें सत्संग से दूर रखता है। हम स्वान को रोटी देते हैं तो वह भी दिन में 10 बार हमारे पास आता है। किंतु वर्तमान समय में मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है कि जिसका पालन पोषण वह जीवनभर करके बड़ा करता है। वही उसे धिक्कार देता है। दूसरे दिन की कथा में श्री लाडली जी की चरित्र कथा की विवेचना की जाएगी। सत्संग प्रारंभ होने के पूर्व व्यासपीठ का पूजन जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, दैनिक दावा के प्रबंध सम्पादक सूरज बुद्धदेव, अखिल भारतीय खंडेलवाल समाज के शरद खंडेलवाल, विजय हरिहारनो ने किया एवं व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अशांति फैलाने वाला बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा




राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले बदमाश को धर दबोचा है और उसके खिलाफ धारा 170 के तहत कार्रवाई की है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाशचंद्र मरई ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु चलाये सततॅ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तारतम्य मे बदमाश रोहित सहारे पिता स्व. बलिराम सहारे उम्र 26 वर्ष निवासी चिखली अंबे मेडिकल के पास पुलिस चौकी चिखली के द्वारा वाद-विवाद कर शांति व्यवस्था भंग कर अप्रिय घटना घटित होने के संभावना पर उसके विरूद्ध पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही किया गया है और उसे न्यायालय पेश किया गया जहां से अदेशानुसार उसे जेल निरूद्ध किया गया है।

# भाजपा ने कसी संगठनात्मक कमर : आज से शुरू होगा महा-अभियान, जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने मंडल प्रभारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**0 अंबागढ़ चौकी में मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों की अहम बैठक सम्पन्न, 21 जून तक चलेंगे वृहद जनसंपर्क कार्यक्रम**




अंबागढ़ चौकी (दावा)। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सुचारू, सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला इकाई ने अपनी तैयारियां युद्ध स्तर पर तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में आज भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति और अध्यक्षता में क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों एवं महामंत्रियों की एक बेहद महत्वपूर्ण और रणनीतिक बैठक संपन्न हुई। तेरापंथ भवन और अन्य सामाजिक आयोजनों की तर्ज पर इस संगठनात्मक बैठक में आगामी 5 जून से 21 जून तक चलने वाले विभिन्न वृहद कार्यक्रमों की अंतिम रूपरेखा तय की गई और मैदानी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने दो टूक कहा कि 5 जून से 21 जून के बीच आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम संगठन की मजबूती और जनसंपर्क की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों को कड़े निर्देश दिए कि वे चुनावी मोड में आते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी पदाधिकारी हर बूथ और मंडल स्तर पर अपनी सक्रियता बढ़ाएं ताकि इन कार्यक्रमों को एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप देकर ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया जा सके।

### भाजपा के आगामी महा-अभियान के 3 मुख्य स्तंभ

बैठक के दौरान मुख्य रूप से तीन बड़े और महत्वपूर्ण आयोजनों की तैयारियों को लेकर बिंदुवार रणनीति तैयार की गई और प्रभारियों की नियुक्तियां की गई। इसके तहत मीडिया जगत के प्रतिनिधियों से सीधा और सकारात्मक संवाद स्थापित किया जाएगा। सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों और संगठन के राष्ट्रवादी विचारों को आम जनता तक मजबूती से पहुंचाने के लिए इसकी मदद ली जाएगी। इस सम्मेलन के माध्यम से जमीनी स्तर पर (रूट लेवल) आम लोगों तक सरकारी विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने, नए हितग्राहियों को जोड़ने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को घर-घर जाकर दोहराया जाएगा। समाज के प्रबुद्ध और प्रबुद्ध वर्ग (जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वकील, सीए और सामाजिक विचारक) को एक साझा मंच पर लाया जाएगा। राष्ट्र निर्माण और क्षेत्रीय विकास की रूपरेखा तय करने में इस वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### सफल संचालन के लिए मंडल प्रभारियों की नियुक्तियां

जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने जिला प्रशासन और कड़े नियमों के तहत कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए हर स्तर पर अनुभवी प्रभारियों और सह-प्रभारियों की नियुक्तियां भी कीं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मोहला मंडल के प्रभारी दिलीप वर्मा के साथ सह-प्रभारी अविनाश त्रिपाठी, अंबागढ़ चौकी मंडल प्रभारी राजू टांडीया, कौड़ीकसा मंडल प्रभारी राजेश जैन गुजराती, गोटाटोला मंडल प्रभारी मान सिंह टेकाम, मानपुर मंडल प्रभारी रमेश हिड़ामे व नरसिंह भंडारी तथा औंधी मंडल प्रभारी एवं जिला महामंत्री अनिल गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा वरिष्ठ कार्यकर्ता अवधेश त्रिपाठी सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री और प्रमुख कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मुस्तैद रहे। जिन्होंने आने वाले 16 दिनों के भीतर प्रत्येक बूथ पर दस्तक देने और पार्टी के कार्यक्रमों को सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने डोंगरगांव तहसील कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, बुजुर्ग बल्दू राम की शिकायत पर तत्काल दर्ज कराया सीमांकन का केस

**अभिलेखों के संधारण एवं आमजन सुविधाओं पर दिया विशेष जोर**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज तहसील कार्यालय डोंगरगांव का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं, राजस्व प्रकरणों एवं नागरिक सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने तहसील कार्यालय में पहुंचे ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम बाकल निवासी तोरण खूंटे वर्ष 2000 से वर्ष 2024 तक के बी-1 नकल प्राप्त करने हेतु आवेदन करने पहुंचे थे। कलेक्टर ने उनके आवेदन पर संज्ञान लेते हुए नियत अवधि में दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



### राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिये निर्देश

इसी प्रकार ग्राम आलीखुंटा के बुजुर्ग ग्रामीण बल्दु राम पिता मेहतर सीमांकन नहीं होने की समस्या लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे थे। उनकी समस्या सुनकर तत्काल आवेदन लिखवाकर सीमांकन का प्रकरण दर्ज कराया गया। ग्राम पैरी निवासी छन्नूलाल साहू पिता दीनालाल जन्म प्रमाण पत्र संबंधी कार्य से तहसील कार्यालय आए थे।

कलेक्टर ने उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन राजस्व प्रकरणों की अपील अवधि पूर्ण हो चुकी है। उनसे संबंधित अभिलेखों एवं दस्तावेजों को नियमानुसार रिकॉर्ड रूम में जमा कराया जाए। जिससे अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण एवं संरक्षण सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने चालक अनिल कुमार के वेतन भुगतान संबंधी प्रकरण को स्वयं ई-कोष पोर्टल में प्रोसेस कर त्वरित कार्य निष्पादन का उदाहरण प्रस्तुत किया।

कलेक्टर ने पूर्व में निराकृत राजस्व प्रकरणों के आदेशों का अवलोकन कर उनकी समीक्षा की तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी मामलों में नियमानुसार एवं विधिसम्मत आदेश पारित किए गए हो। साथ ही लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए आगामी पेशी तिथियां न्यूनतम अंतराल पर निर्धारित करने के निर्देश दिए। ताकि प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो सके और आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक शाखा एवं कक्ष के बाहर स्पष्ट सूचना एवं साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। जिससे नागरिकों को यह आसानी से जानकारी मिल सके कि किस प्रकार का कार्य किस कक्ष में संपादित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सकेगा तथा कार्यालयीन कार्यों में और अधिक सुगमता आएगी। उन्होंने तहसील कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजनों के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनके आवेदनों एवं समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पहला कॉलम...

# आयुर्वेद औषधालय में डॉ. गाजी की नियुक्ति से ग्रामीणों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा



डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। ब्लॉक के सबसे बड़े आर्युवेद ग्राम बेलगांव में डॉक्टर की नियुक्ति से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा मिलेगी। वर्षों से डॉक्टर की कमी से जूझ रहे आयुर्वेद औषधालय में जिला कलेक्टर द्वारा सोमनी में पदस्थ आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ. श्रीमती आयशा गाजी को बेलगांव आयुर्वेद औषधालय में पदस्त किया किया गया। बेलगांव की इस आयुर्वेद औषधालय में जटकनहर घुसेरा, कोलेंद्रा, ठाकुरटोला, कुसमी, माड़ीतराई सहित दर्जनो ग्रामों के ग्रामीण अपना इलाज करवाने आते हैं। अब ग्रामीणों को डॉक्टर की नियुक्ति से अच्छे स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने डॉ. गाजी से मिलकर शुभकामनाएं दी। डॉक्टर की नियुक्ति से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

# बरगांव में 6 लाख रुपये के विकास कार्यो का हुआ भूमिपूजन



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम बरगांव में जनपद पंचायत मद से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन रविवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला बरगांव में 5 लाख रुपये की लागत से प्रार्थना शेड निर्माण कार्य तथा 1 लाख रुपये की लागत से जनपद सदस्य 15वें वित्त मद से टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजनांदगांव सहित जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कपिलदेव पड़ोती, जनपद सदस्य विवेक मंडावी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे ग्राम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि हेमलाल ऊईके, चुन्नु पटेल, शांतानु साहू, देवनारायण श्रीवास, धनराज निषाद, देवा रामटेके, चंद्र गोयल, अजय यादव, रमा भीमटे, सरिता यादव, मानसिंह पटेल, सरजू राम मंडावी, टहल पटेल, हीरालाल पटेल एवं अमरचंद यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि इन निर्माण कार्यों से विद्यालय एवं ग्राम के सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# चुनाव जीतने पर ईवीएम का कोई दोष नहीं, हारते ही ईवीएम को दोष देना नहीं भूलते कांग्रेसी - डॉ. हथेल



डोंगरगढ़ (दावा)। नवीन नगर पंचायत घुमका के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत के बाद भाजपा सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि घुमका की जनता ने ईवीएम के माध्यम से अपना जनादेश दिया है। जिसका हम सम्मान करते हैं। इस परिणाम के बाद कांग्रेस पार्टी का दोहरा चरित्र उजागर हो गया है। जब वे जीतते हैं तो ईवीएम पवित्र हो जाती है और हारने पर ईवीएम को बदनाम करते हैं। अब कांग्रेस को ईवीएम पर अनर्गल बयानबाजी से बचना चाहिए और लोकतंत्र का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता निराश नहीं हैं। हम जनता के बीच जाकर सेवा करेंगे और अगले चुनाव में घुमका नगर पंचायत में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएंगे।

# मिशन जल रक्षा का सकारात्मक परिणाम : भीषण गर्मी में भी जलस्त्रोतों में बनी पानी की उपलब्धता

छुरिया (दावा)। जिला प्रशासन राजनांदगांव के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत छुरिया द्वारा ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से मिशन जल रक्षा अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के क्षेत्र में एक सफल जनआंदोलन चलाया गया। जिसका परिणाम वर्तमान ग्रीष्मकाल में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छुरिया तथा उनकी टीम द्वारा सतत् प्रयासों से गत वर्ष वर्षा ऋतु के पूर्व जनपद पंचायत छुरिया की 118 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर प्रति सप्ताह श्रमदान अभियान चलाया गया था। अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों, पंचायत पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक तथा तकनीकी अमले के सहयोग से कुल 103 नालों पर बोरी बंधान का निर्माण किया गया। इस सामूहिक प्रयास का परिणाम यह रहा कि वर्षा जल का संचयन संभव हुआ तथा जल का बहाव नियंत्रित होकर स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण सुनिश्चित हुआ। वर्तमान ग्रीष्मकाल में इन नालों में पर्याप्त मात्रा में जल संग्रहित है। जिसका उपयोग ग्रामीणों द्वारा दैनिक निस्तारी कार्यों के लिए किया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र के पशु-पक्षियों को भी प्राकृतिक रूप से पेयजल उपलब्ध हो रहा है। जल संरक्षण की इस



पहल ने पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता के संवर्धन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मिशन जल रक्षा अंतर्गत श्रमदान से बोरी बंधान, जनभागीदारी से प्रत्येक घरों में सोखता गढ्ढा तथा विभिन्न ग्रामों में इंजेक्शन वेल, परकोलेशन टेंक, स्ट्रैगर्ड ट्रेंच, कंटूर ट्रेंच जैसे जल संरक्षण संबंधित संरचनाओं का भी निर्माण किया गया। जिसका महत्वपूर्ण प्रभाव भूजल स्तर में सुधार के रूप में देखने को मिला है। जिन ग्रामों में पूर्व वर्षों में गर्मी के मौसम के दौरान हैंडपंपों, तालाबों एवं अन्य जलस्त्रोतों के सूख जाने से पेयजल संकट उत्पन्न हो जाता था। वहां इस वर्ष स्थिति पूरी तरह से बदली हुई दिखाई दे रही है। बोरी बंधान करने से नालों में जल संग्रहण होने से तथा अन्य जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं के निर्माण से भूजल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा क्षेत्र के कुओं, हैंडपंपों एवं अन्य जलस्त्रोतों में जल उपलब्धता बनी हुई है। परिणाम स्वरूप इस वर्ष जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायतों में भीषण पेयजल संकट की स्थिति निर्मित नहीं हुई है। उक्त अभियान की सफलता को देखते हुए इस वर्ष भी अभियान को और अधिक व्यापक स्वरूप दिया गया है। इस वर्ष भी वर्षा ऋतु के पूर्व जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 167 नालों पर प्रतिसप्ताह श्रमदान कर बोरी बंधान कार्य पूर्ण किया गया है। इन संरचनाओं के माध्यम से आगामी वर्षा ऋतु में अधिक मात्रा में वर्षा जल का संचयन होगा। जिससे भूजल संचयन को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र में जल उपलब्धता और अधिक सुदृढ़ होगी।

# सोसायटी की सुविधा के लिए किसान 15 को करेंगे तुमड़ीबोड़ नेशनल हाईवे पर चक्काजाम



**० क्षेत्र के किसानों ने अपर कलेक्टर सी.एल.मार्कण्डेय को दिया ज्ञापन**

**० मामला : मुड़पार सोसायटी में बधियाटोला, रामनगर, छीरपानी को यथावत रखने की मांग**

डोंगरगढ़ (दावा)। बधियाटोला, छिरपानी, रामनगर के किसानों के द्वारा मुड़पार सोसायटी में खाता यथावत रखने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम से ज्ञापन दिया गया। अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय को आवेदन के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है। 15 जून को क्षेत्र के किसान व विपक्षी पार्टी के नेता कार्यकर्ता मिलकर तुमड़ीबोड़ नेशनल हाईवे मेन चौक पर शांतिपूर्वक बैठकर चक्काजाम करेंगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञात हो कि इस विषय के निराकरण के लिए किसानों द्वारा बधियाटोला के मुरमुंदा मार्ग पर शांतिपूर्वक दो बार चक्काजाम कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया जा चुका है और अनेकों मर्तबा शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से मांगपत्र सौंपा गया है, परन्तु इस विषय का निराकरण नहीं निकल पाने के कारण क्षेत्र के किसानों द्वारा चक्काजाम करने का निर्णय लेकर इसकी जानकारी शासन प्रशासन को दी गई। जिसे संज्ञान में लेकर क्षेत्र के किसानों को मामले को सुलझाने के लिए थाना डोंगरगढ़ बुलाया गया था, परन्तु समस्या का निराकरण नहीं हो पाया और किसान अपने फैसले को लेकर अड़े रहे। इस दौरान किसान दशरथ ठाकुर, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा मदन साहू, क्रांति बंजारे, परषोत्तम साहू, सोमेश्वर सिन्हा, प्रमोद लाऊत्रे, अमरचंद निषाद, अर्जुन बांधे, खेलु पटेल, धर्मेंद्र साहू, मंगल साहू, मनोज सिन्हा, धीराजी निषाद, लीलाधर चंद्रवंशी, जयसिंह चंद्रवंशी, अश्वनी साहू, खोरबहारा सिन्हा, रग्घू सिन्हा, गोपाल सिन्हा, चेतन सिन्हा, शालिक सिन्हा, उभे जोशी, शंकर चंद्रवंशी, प्रकाश सेन, छोटू, गोपाल, राहुल साहू, सुरेश मरकाम, चेतन शोरी, खेमा जोशी, बबला सिन्हा, गुलशन सिन्हा, इंद्रेश चंद्रवंशी, नारद चंद्रवंशी, भुवन चंद्रवंशी, घनस्याम सिन्हा, मनोज सिन्हा, मानिक साहू, बीरबल साहू, खेमीन ठाकुर, घनस्याम साहू, सगलू निषाद, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, आदेश साहू, दानिक चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में पीड़ित किसान उपस्थित रहे।

# केसीजी के प्रथम जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह का स्काउट-गाइड परिवार ने किया स्वागत

**कमीश्नर स्कार्फ पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया सम्मानित, पदाधिकारियों ने दीं शुभकामनाएं**



खैरागढ़ (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा केसीजी जिले के प्रथम जिला मुख्य आयुक्त (डिस्ट्रिक्ट चीफ कमिश्नर) पद पर नियुक्त किए गए भागवत शरण सिंह का जिले के स्काउट-गाइड परिवार ने आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। जिले के प्रथम जिला मुख्य आयुक्त बनने पर जिला संघ के पदाधिकारी एवं स्काउट-गाइड सदस्य उनके निवास पहुंचे। जहां उन्हें कमिश्नर स्कार्फ पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले में स्काउट-गाइड गतिविधियों के विस्तार और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर भी चर्चा की गई।

स्वागत कार्यक्रम में जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा, जिला संगठन आयुक्त धनुष सिन्हा, विकासखंड सचिव सुनील गुनी, प्राचार्य कमलेश्वर सिंह, गाइडर नीलू सिंह, सरस्वती बंते, पायल सिंह तथा स्काउटर कुशाल ध्रुवे सहित बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने भागवत शरण सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में जिले में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर भागवत शरण सिंह ने कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने जिले के अधिक से अधिक विद्यालयों और युवाओं को संगठन से जोड़ने, ग्रामीण क्षेत्रों में नई इकाइयों का गठन करने तथा समाजसेवा आधारित कार्यक्रमों को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। बैठक में आगामी प्रशिक्षण शिविर, सदस्यता विस्तार अभियान और युवाओं के व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

# आर्य सत्य बौद्ध विहार का प्रथम स्थापना दिवस गरिमा के साथ संपन्न, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने भवन निर्माण के लिए की 1 लाख की घोषणा

**0 भीमनगर में गूंजा धम्म प्रवचन और परित्राण पाठ; दूसरी कक्षा के बाल वक्ता यथार्थ सम्राट के 20 मिनट के भाषण ने बांधा समां**

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ के भीमनगर (वार्ड क्रमांक-9) स्थित नवसंशोधित आर्य सत्य बौद्ध विहार के स्थापना के एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जागृति युवक समिति द्वारा प्रथम वर्षगांठ समारोह का भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया। 1 जून को आयोजित इस गौरवशाली उत्सव में बौद्ध वंदना, धम्म प्रवचन, भारतीय संविधान पर गहन परिचर्चा तथा समाज हित व बौद्ध संस्कृति से जुड़े विभिन्न प्रेरक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान अंचल भर से आए सैकड़ों उपासक और उपासिकाओं की उपस्थिति से पूरा भीमनगर धम्ममय हो उठा।

### परित्राण पाठ से शुरुआत, बाल वक्ता ने बटोरीं तालियां

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान बुद्ध और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात पूज्य भंते नागरत्न एवं भंते कुमार कश्यप के सानिध्य में विधि-विधान से परित्राण पाठ और धम्म देशना संपन्न हुई। स्थापना दिवस के मुख्य आकर्षण के रूप में भारतीय संविधान विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया था। इस सत्र में राजनांदगांव से पहुंचे महज दूसरी कक्षा के बाल वक्ता यथार्थ सम्राट भारतीय ने अपने ज्ञान का लोहा मनवाया। नन्हे यथार्थ ने संविधान और सामाजिक चेतना पर लगातार 20 मिनट तक इतना ओजस्वी और शानदार वक्तव्य दिया कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा और मंच पर बैठे अतिथि भी ऊर्जा से भर गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले होनहार बच्चों को अतिथियों के हाथों मेडल व मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया।



### वार्ड में स्थापित होंगी भगवान बुद्ध व बाबा साहब की प्रतिमाएं

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने नन्हे बाल वक्ता यथार्थ की पीठ थपथपाते हुए कहा कि आज के इस दौर में हर घर में यथार्थ सम्राट भारतीय जैसा बच्चा होना चाहिए। जिन्हें देखकर और सुनकर यह अटूट विश्वास होता है कि देश और समाज को सुरक्षित रखने के लिए हमारी आने वाली पीढ़ियां पूरी तरह तैयार हो रही हैं। भविष्य में हमें जब भी कोई वैचारिक तकलीफ होगी, ये बच्चे हमें शिक्षित बनाएंगे। वार्डवासियों और स्थानीय पार्षद की पुरानी मांग को पूरा करते हुए पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने घोषणा की कि इस पवित्र स्थल पर भगवान बुद्ध और बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की गरिमामय प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। साथ ही, पूजा-अर्चना और सामाजिक आयोजनों को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए यहाँ एक शानदार मंच और व्यवस्थित भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए उन्होंने तत्काल अपनी अध्यक्ष निधि से 1 लाख देने की घोषणा की और आश्वस्त किया कि भविष्य में निर्माण कार्य के लिए राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी।

### धम्मभोज के साथ संपन्न हुआ महोत्सव

महोत्सव के अंत में जागृति युवक समिति द्वारा विशाल धम्मभोज (भंडारा) का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम का सफल मंच संचालन राकेश भवते द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वर, वार्ड पार्षद जय किशोर अम्बादे, देवेंद्र साखरे, शिवांगी साखरे, नवीन जागृति युवक समिति के अध्यक्ष डॉ. मिलन टेम्भुरकर, कोषाध्यक्ष महादेव इंदुरकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संगीता मिलिंद्र टेंभुरकर, पूर्व पार्षद अनिता लोकेश इंदुरकर, सुषमा कामढ़े, उजाला, कुंदा इंदुरकर, विजय जम्भुल्कर, एवं गिरीश साहू सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक और उपासक-उपासिकाएं उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## श्रीलंका के वृद्धाश्रम में लगी भीषण आग, 11 बुजुर्गों की मौत

कोलंबो। श्रीलंका में भीषण आग की घटना सामने आई है। वृद्धाश्रम में आग लगने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 7 अन्य बुजुर्ग झुलस गए। पुलिस ने कहा कि बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे कलुतारा जिले के अंगुरुवाटोटा स्थित मावपिया सेवाना वृद्धाश्रम में आग लग गई। यह स्थान कोलंबो से लगभग 65 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है। पुलिस ने कहा कि परिसर में 10 लोग मृत पाए गए, जबकि एक अन्य बुजुर्ग ने होराना बेस अस्पताल में भर्ती होने के बाद दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, कुल 51 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया जबकि 7 घायल अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। आग का मंजर देख स्थानीय लोगों की रूह कांप गई।

पुलिस ने कहा कि स्थानीय लोगों और पुलिस की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया। घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। शुरुआती खबरों में सामने आया कि घटना के दौरान एक गैस सिलेंडर फट गया, जिससे आग तेजी से फैल गई।

## बल्लेबाज भुरतेल ने 22 सिक्स और 22 चौके ने तूफानी शतक ठोक रचा इतिहास

नई दिल्ली। भारतीय टीम चाहे टी20 रैंकिंग्स में टॉप पर विराजमान हो, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में नेपाल क्रिकेट टीम का भी एक अलग रुतबा है. टी20 इंटरनेशनल में एक बार फिर नेपाल टीम ने धमाका कर दिया है. टी20 वर्ल्ड कप क्वालीफायर्स में मलेशिया के खिलाफ नेपाल ने 275 रन बना डाले. यह टी20 क्रिकेट इतिहास में तीसरी बार है जब भारत के इस पड़ोसी देश ने 270 से बड़ा स्कोर बनाया हो. मगर नेपाल के बड़े स्कोर से ज्यादा चर्चा में कुशल भुरतेल आ गए हैं, जिन्होंने अपने टी20 करियर का तीसरा शतक जड़ते हुए इतिहास रच दिया. उन्होंने मलेशिया के खिलाफ इस मुकाबले में 54 गेंद में 126 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली. अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड पहले से उनके नाम है और अब इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम जुड़ गया है.

कुशल भुरतेल ने 44 गेंदों में शतक पूरा किया, जो टी20 में नेपाल के लिए तीसरा सबसे तेज शतक भी है. इससे पहले कुशल 35 गेंद में भी सेंचुरी लगा चुके हैं. अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में कुशल भुरतेल ने अब 78 मुकाबलों में 2240 रन बना लिए हैं, जो नेपाल के लिए सबसे ज्यादा हैं. उन्होंने दीपेन्द्र ऐरी को पीछे छोड़ा, जो अब तक 98 मुकाबलों में 2211 रन बना चुके हैं.

## महिला टी20 विश्व कप 2026 की प्राइज मनी, रनर-अप को भी मिलेंगे IPL चैंपियन से ज्यादा पैसे

नई दिल्ली। महिला टी20 विश्व कप के 10वें संस्करण का काउंटडाउन शुरू हो गया है. 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों के बीच 33 मैच खेले जाएंगे. टीमों को 6-6 के 2 ग्रुप्स में बांटा गया है. भारत, पाकिस्तान ग्रुप-1 में हैं. यहां हम आपको इस संस्करण के विनर की प्राइज मनी के बारे में बता रहे हैं, जिसे जानकार आपके होश उड़ जाएंगे.

महिला टी20 विश्व कप 2026 की प्राइज मनी कितनी ज्यादा है, इसका अंदाजा इस बात से भी लगा सकते हैं कि रनर-अप टीम को उससे 10 करोड़ रुपये ज्यादा मिलेंगे जितना इस बार ऋष्ट्क्क को चैंपियन बनने पर मिला. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 2026 में चैंपियन बनने पर 20 करोड़ रुपये प्राइज मनी मिली.ICC ने आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए 8,764,615 यूएस डॉलर की रिकॉर्ड इनामी राशि की घोषणा की है. यह पिछले संस्करण की तुलना में 10 प्रतिशत ज्यादा है. भारतीय मुद्रा में देखें तो ये 244 करोड़ रुपये हैं. महिला टी20 विश्व कप 2026 का खिताब जीतने वाली टीम को 2,340,000 यूएस डॉलर मिलेंगे. भारतीय मुद्रा में देखें तो ये करीब 65 करोड़ रुपये हैं. यानी ढ्ढक्करु चैंपियन ऋष्ट्क्क को मिलने वाली वाली इनामी राशि से 3 गुना से भी अधिक.

## कुवैत एयरपोर्ट पर बड़ा ड्रोन-मिसाइल हमला! सभी कमर्शियल फ्लाइट बंद

नई दिल्ली। कुवैत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला किया गया है, जिसकी वजह से फ्लाइट सर्विस को बंद कर दिया गया है. एपी की रिपोर्ट के अनुसार ईरान की ओर से किए गए ड्रोन और मिसाइल हमले के बाद उड़ानों को रोकना पड़ा. इस हमले में कई लोग घायल भी हो गए हैं. कुवैत की सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक बुधवार (3 जून 2026) सुबह कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाया गया. हमले के बाद अधिकारियों को कई उड़ानों का रास्ता बदलना पड़ा और हवाई सेवाओं पर असर पड़ा. रिपोर्ट में जनरल सिविल एविएशन अथॉरिटी के हवाले से कहा गया कि एयरपोर्ट की टर्मिनल-1 इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है.

इससे पहले अमेरिकी सेना ने कहा था कि कुवैत की ओर दागी गई दो ईरानी मिसाइलें अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही गिर गईं या टूट गईं. बहरीन की ओर दागी गई तीन मिसाइलों को अमेरिकी और बहरीन की सेनाओं ने रास्ते में ही रोक लिया था.

# मेंडिस-निसांका की बल्लेबाजी और चमीरा की धार, श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को पहले वनडे में पछाड़ा




नई दिल्ली। वनडे विश्व कप 2027 जैसे- जैसे करीब आ रहा है कुछ टीमों की टेंशन बढ़ती जा रही है। इस बीच वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज का आगाज हो चुका है। ये सीरीज वेस्टइंडीज के लिए बहुत खास होने वाली है। पहले ही मैच में वेस्टइंडीज को हार का सामना करना पड़ा है। इससे हो सकता है कि वेस्टइंडीज की टीम का अगले साल होने वाले विश्व कप में खेलने का सपना टूट जाए। हालांकि अभी काफी वक्त बाकी है और हालात बदल भी सकते हैं।

श्रीलंका क्रिकेट टीम इस वक्त वेस्टइंडीज के दौरे पर है, जहां तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। पहला मैच श्रीलंका ने 41 रन से अपने नाम कर लिया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने 7 विकेट पर 303 रन बना दिए थे। इसके बाद जब वेस्टइंडीज इसका पीछा करने उतरी तो पूरी टीम 49.2 ओवर में केवल 262 रन ही बना सकी। इससे उसे हार का मुंह देखना पड़ा। हालांकि अभी सीरीज में दो मैच बचे हैं, यानी वेस्टइंडीज के पास वापसी का मौका है। इस हार के साथ ही वेस्टइंडीज को आईसीसी वनडे रैंकिंग में भी नुकसान हुआ है। श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले से पहले वेस्टइंडीज की रेटिंग 74 की थी और टीम दसवें नंबर पर थी। श्रीलंका की टीम 96 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर थी। इस मैच के बाद दोनों टीमों की रैंकिंग तो पहले जैसी ही है, लेकिन वेस्टइंडीज की रेटिंग घट गई है। अब वेस्टइंडीज की रेटिंग 73 की हो गई है, वहीं श्रीलंका की 96 की है। जो वेस्टइंडीज के लिए अच्छी खबर नहीं है।

दरअसल अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप में आईसीसी वनडे रैंकिंग की टॉप 8 टीमें सीधे क्वालीफाई कर जाएंगी। चूंकि साउथ अफ्रीका मेजबान है, इसलिए उसे अपने आप डायरेक्ट क्वालीफिकेशन मिला है। टीम अभी रैंकिंग में चौथे नंबर पर है। यानी रैंकिंग की 8 नहीं, बल्कि नौवें नंबर की टीम तक सीधे विश्व कप में खेलेंगी। लेकिन दसवें नंबर की टीम बाहर रह जाएगी।

# टीम इंडिया : अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबला खेलने के लिए फिट हैं मोहम्मद सिराज

नई दिल्ली। भारतीय टीम 6 जून से घर पर मुल्लांपुर के स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली एक मैच की टेस्ट सीरीज खेलेगी, जिसको लेकर स्क्वाड का ऐलान काफी पहले बीसीसीआई की तरफ से कर दिया गया था।




टीम इंडिया काफी लंबे समय के बाद इस फॉर्मेट में कोई मुकाबला खेल रही है, जिसमें उन्होंने अपना पिछला टेस्ट मैच घर पर ही पिछले साल नवंबर के महीने में खेला था। ऐसे में आगामी इंटरनेशनल सीजन से पहले टीम इंडिया के लिए खुद को तैयार करने के लिए ये टेस्ट मैच काफी अहम रहने वाला है। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मुकाबले के लिए मोहम्मद सिराज की फिटनेस को लेकर सस्पेंस बना हुआ था, लेकिन अब टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच रेयान टेन डोएशे ने साफ कर दिया है कि सिराज पहला मुकाबला खेलने के लिए पूरी तरह से फिट हैं।

आईपीएल 2026 सीजन मोहम्मद सिराज ने गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए कुल 17 मुकाबले खेले थे, जिसके बाद उनके वर्कलोड को देखते हुए इस मुकाबले में खेलने की संभावना काफी कम मानी जा रही थी, क्योंकि उनकी फिटनेस को लेकर भी सस्पेंस बना हुआ था।

# हिप इंजरी की वजह से मैटेओ बेरेटिनी फ्रेंच ओपन 2026 से बाहर

पेरिस। फ्रेंच ओपन 2026 में इटली के टेनिस खिलाड़ी मैटेओ बेरेटिनी का सफर चोट के कारण खत्म हो गया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दौरान हिप इंजरी (कूल्हे की चोट) की वजह से उन्हें मुकाबले को बीच में ही छोड़ना पड़ा, जिसके चलते मैटेओ अर्नाल्डी सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे।




अर्नाल्डी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बेरेटिनी के खिलाफ 5-7, 2-5 से पीछे चल रहे थे। हालांकि लगातार दर्द बढ़ने की वजह से बेरेटिनी को मैच बीच में ही छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। मैच में पहले सेट के दौरान बेरेटिनी ने लगभग 76 मिनट तक संघर्ष किया, लेकिन दूसरे सेट में उनकी चोट और गंभीर हो गई। उन्होंने मेडिकल टाइमआउट भी लिया और कुछ देर के लिए कोर्ट से बाहर गए। इसके बाद उन्होंने थोड़ी देर तक खेलने की कोशिश की, लेकिन दर्द ज्यादा होने की वजह से उन्हें मैच छोड़ना पड़ा। इस जीत के साथ 104वीं रैंक वाले मैटेओ अर्नाल्डी ने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वह आधुनिक युग में महज दूसरे ऐसे खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल मैच विपक्षी खिलाड़ी के इंजरी की वजह से रिटायर होने के कारण जीता है।

इंजरी के कारण बाहर होने के बाद बेरेटिनी ने कहा, मैं आखिरी इंसान हूं जो रिटायर होना चाहता है। मैं इससे बहुत थक गया हूं। मैं बस ऐसा नहीं करना चाहता, लेकिन कभी-कभी आपको ऐसा करना पड़ता है। बहुत से खिलाड़ियों ने पहले ऐसा किया है और यह अब तक का सबसे बुरा एहसास है, लेकिन यह करना सही है, क्योंकि यह मेरी जिंदगी का आखिरी टूर्नामेंट नहीं है और मुझे अपने भविष्य के बारे में सोचना है। मुझे अपनी रिकवरी के बारे में सोचना है।

उन्होंने कहा, उम्मीद है कि यह बहुत बुरा नहीं होगा। मैं जाहिर तौर पर निराश हूं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर मैं खेलता रहता, तो मेरा प्रदर्शन और भी बुरा होता और शायद ठीक होने में ज्यादा समय लगता। दुर्भाग्य से मेरे पास रिटायर होने के अलावा कोई और रास्ता नहीं था। बेरेटिनी ने उम्मीद जताई कि चोट ज्यादा गंभीर नहीं होगी और जल्द ही उनके स्कैन रिपोर्ट से स्थिति साफ होगी। विश्व के पूर्व नंबर छह खिलाड़ी बेरेटिनी साल 2022 में हुए यूएस ओपन के बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।

# सोना 1,200 रुपए और चांदी 3,700 रुपए से अधिक सस्ती हुई

नई दिल्ली। सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली, जिससे दोनों कीमती धातुओं का दाम क्रमशः 1,200 रुपए और 3,700 रुपए से अधिक घट गया है।



इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम 1,258 रुपए कम होकर 1,55,036 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जो कि मंगलवार को 1,56,294 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

22 कैरेट सोने का दाम 1,43,165 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,42,013 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 18 कैरेट सोने की कीमत 1,17,221 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,16,277 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली है। चांदी का दाम 3,725 रुपए कम होकर 2,61,575 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,65,300 रुपए प्रति किलो था।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर खबर लिखे जाने तक सोना का 5 अगस्त 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 0.41 प्रतिशत घटकर 1,58,690 रुपए और चांदी का 3 जुलाई 2026 का कॉन्ट्रैक्ट 0.99 प्रतिशत घटकर 2,64,054 रुपए पर पहुंच गया है।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोना 1.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,459 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 73 डॉलर प्रति औंस पर थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि सत्र में सोने में कमजोरी के साथ कारोबार हुआ।

# देश के पास अब भी 880.52 टन गोल्ड रिजर्व सुरक्षित - आरबीआई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उन मीडिया रिपोर्टों को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि केंद्रीय बैंक ने अपने स्वर्ण भंडार (गोल्ड रिजर्व) का एक हिस्सा बेच दिया है। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि उसके पास मौजूद भौतिक सोने का भंडार पहले की तरह 880.52 टन ही है और इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।

आरबीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्टों में यह दावा किया गया है कि रिजर्व बैंक ने सोना बेचा है, लेकिन यह जानकारी सही नहीं है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उसके स्वर्ण भंडार से जुड़ी जानकारी नियमित रूप से मासिक बुलेटिन में प्रकाशित की जाती है और वर्तमान में भौतिक सोने का स्टॉक 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है।

आरबीआई ने कहा कि उसके स्वर्ण भंडार का पूरा विवरण मासिक बुलेटिन में उपलब्ध रहता है, जिसे कोई भी व्यक्ति आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकता है। बैंक ने दोहराया कि अभी तक सोने के भौतिक भंडार में कोई कमी नहीं आई है।

केंद्रीय बैंक ने लोगों से अपील की कि वे इस तरह की खबरों पर भरोसा करने के बजाय आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली आधिकारिक जानकारी को ही सही मानें। इस मामले पर प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट चेक यूनिट ने भी स्पष्टीकरण जारी किया। पीआईबी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि आरबीआई ने लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया है, जबकि यह दावा पूरी तरह फर्जी है।

पीआईबी के अनुसार, आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। सितंबर 2025 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी 13.92 प्रतिशत थी, जो 31 मार्च 2026 तक बढ़कर 16.70 प्रतिशत हो गई। इसके बाद 22 मई 2026 तक यह और बढ़कर 16.85 प्रतिशत पहुंच गई। दरअसल, इससे पहले एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट में ब्लूमबर्ग का हवाला देते हुए दावा किया गया था कि आरबीआई ने 22 मई तक के दो सप्ताह के दौरान लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेचकर विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां खरीदी हो सकती हैं।

# अफगानिस्तान सीरीज से पहले भारत को बड़ा झटका, चोटिल विराट कोहली हुए बाहर




नई दिल्ली। अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। पूर्व कप्तान विराट कोहली हैमस्ट्रिंग चोट के कारण इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। हाल ही में आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले कोहली की गैरमौजूदगी टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय मानी जा रही है।

चोट के चलते कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। भारत और अफगानिस्तान के बीच पहला वनडे 14 जून को धर्मशाला में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मुकाबला 17 जून को लखनऊ और तीसरा मैच 20 जून को चेन्नई में आयोजित होगा।

आईपीएल 2026 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को लगातार दूसरी बार खिताब दिलाने में कोहली ने अहम भूमिका निभाई थी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ फाइनल मुकाबले में उन्होंने 42 गेंदों पर नाबाद 75 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। हालांकि, मैच के अंतिम ओवरों के दौरान कोहली दौड़ते समय असहज नजर आए थे। इसके बावजूद उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा और टीम को जीत दिलाने के बाद ही बाहर गए। फाइनल के बाद हुई मेडिकल जांच में हैमस्ट्रिंग चोट की पुष्टि हुई। हालांकि, चोट की गंभीरता को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

कोहली आईपीएल 2026 में बेहतरीन फॉर्म में थे। उन्होंने 16 मैचों में 675 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 56.25 और स्ट्राइक रेट 165.85 रहा। पूरे सीजन में उनकी बल्लेबाजी आरसीबी की सफलता की प्रमुख वजहों में से एक रही।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**होर्मुज संकट के बीच वेनेजुएलाई राष्ट्रपति....**

वेनेजुएला से तेल निर्यात में आई यह तेजी आगे भी जारी रह सके। वेनेजुएला भारत के बड़े तेल सप्लायर्स में शामिल रहा है। 2012 में यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना था और कई साल तक टॉप-5 में रहा। 2019 तक वेनेजुएला हर साल करीब 1.6 करोड़ टन कच्चा तेल भारत भेज रहा था। उसी दौरान दोनों देशों का व्यापार बढ़कर 6.4 अरब डॉलर पहुंच गया था, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा तेल कारोबार का था। हालांकि, अमेरिका की तरफ से वेनेजुएला के तेल खरीदारों पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण भारत ने करीब एक साल तक वहां से तेल खरीद बंद कर दी थी। 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार घटकर 67.9 करोड़ डॉलर रह गया। वेनेजुएला का कच्चा तेल भारी और ज्यादा सल्फर वाला होता है। इसे प्रोसेस करना आसान नहीं माना जाता। हालांकि, भारत की आधुनिक रिफाइनरियां इस तरह के तेल को डीजल और जेट फ्यूल जैसे उत्पादों में बदल सकती हैं। यह तेल तुलनात्मक रूप से सस्ता भी पड़ता है। इसी वजह से भारतीय रिफाइनरियां इसे आर्थिक रूप से फायदे का सौदा मानती हैं। वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि वेनेजुएला भारत के लिए एक महत्वपूर्ण ऊर्जा साझेदार है। उन्होंने बताया कि भारत की सरकारी तेल कंपनियों का वहां निवेश भी है।

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद....**

सभी 193 सदस्य देश मतदान में भाग लेते हैं, तो जीत के लिए न्यूनतम 129 वोटों की जरूरत होती है। इस प्रक्रिया में क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व का विशेष ध्यान रखा जाता है ताकि दुनिया के विभिन्न हिस्सों को उचित भागीदारी मिल सके। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं। इसमें अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस के पास स्थायी सदस्यता है। शेष 10 सीटें गैर-स्थायी सदस्यों के लिए होती हैं, जिन्हें दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना इस परिषद की प्राथमिक जिम्मेदारी है। परिषद के पास कानूनी रूप से बाध्यकारी प्रस्ताव पारित करने, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने और शांति मिशन स्थापित करने के व्यापक अधिकार हैं। चुने गए नए सदस्य देश अब अगले कुछ महीनों में अपनी भूमिकाओं के लिए तैयारी करेंगे। वैश्विक स्तर पर जारी भू-राजनीतिक तनावों के बीच, जनवरी 2027 से ये देश अंतरराष्ट्रीय संघर्षों, शांति स्थापना अभियानों और सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**भारतमाला घोटाले में ईडी का बड़ा एक्शन....**

जा सके। जाँच में आगे यह भी पता चला कि, धोखाधड़ी के इस तरीके को अपनाकर, आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों ने, असल में मिलने वाली 56.76 लाख रुपये की रक़म के मुक़ाबले, लगभग 9.83 करोड़ रुपये का मुआवज़ा हासिल किया। इस तरह उन्होंने लगभग 9.27 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित संपत्ति जमा कर ली। जाँच में यह भी सामने आया है कि इस अपराध से अर्जित संपत्ति को बाद में शेयरों, म्यूचुअल फ़ंड और अन्य वित्तीय साधनों में निवेश करके छिपाया और मुख्यधारा में मिलाया गया। इससे पहले, ईडी ने 28.04.2026 को इस मामले में रायपुर, अभनपुर और धमतरी जिलों में कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाया था। इस दौरान, मुआवजे की धोखाधड़ी से प्राप्ति से जुड़े आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सबूत बरामद कर जब्त किए गए थे। गिरफ़्तार आरोपी को विशेष न्यायालय, रायपुर के समक्ष पेश किया गया, जिसने आरोपी को तीन दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में जाँच अभी जारी है और इस साज़िश में शामिल अन्य लाभार्थियों, बिचौलियों और सरकारी कर्मचारियों की भूमिका की जाँच की जा रही है।

**राज्यसभा चुनाव: भाजपा ने जारी की....**

गुजरात से भाजपा ने राजूभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा और मानसिंह परमार पर भरोसा जताया है। पार्टी ने यहां आदिवासी और क्षेत्रीय समीकरणों को साधने की पूरी कोशिश की है। इसके अलावा, ओडिशा में होने वाले राज्यसभा उप-चुनाव 2026 के लिए देबाशीष सामंतराय को उम्मीदवार घोषित किया गया है। बता दें कि 18 जून 2026 को 24 सीटों पर होने वाला राज्यसभा चुनाव पूरी तरह से राज्यों के मौजूदा विधानसभा संख्या बल पर टिका है। इस चुनाव में विधायकों की संख्या ही सबसे बड़ा फैसला करेगी। मौजूदा समीकरणों को देखकर साफ है कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बेहद फायदे में हैं। वे उच्च सदन यानी राज्यसभा में अपनी ताकत बढ़ाने की सबसे मजबूत स्थिति में दिख रहे हैं। इस बार मुख्य चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे बड़े राज्यों पर केंद्रित हो गया है। गुजरात और राजस्थान का चुनावी गणित इस बार बेहद दिलचस्प है। गुजरात विधानसभा में भाजपा के पास 156 विधायकों का भारी बहुमत है। इस प्रचंड बहुमत की वजह से भाजपा वहां की सभी चार सीटों पर क्लीन स्वीप करने जा रही है। दूसरी तरफ, राजस्थान की स्थिति थोड़ी अलग है।

पवन खेड़ा और मंसूर अली खान को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं मध्य प्रदेश से पूर्व सांसद और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन को टिकट दिया गया है। राजस्थान से नीरज डांगी को दोबारा राज्यसभा भेजने का फैसला किया गया है, जबकि तमिलनाडु से अर्थशास्त्री और पार्टी के रणनीतिकार प्रवीण चक्रवर्ती को उम्मीदवार बनाया गया है। झारखंड से प्रणव झा को पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा है।

**सीएम शुभेंदु पीए हत्याकांड: बलिया के....**

पर हथियार देने का आरोप लगाया। जिसके बाद जांच टीम मोनू सिंह, गोलू सिंह व बालू गिट्टी व्यवसायी से कार खरीदवाने वाला फुलवरिया निवासी युवक की खोजबीन कर रही थी। ज्ञानेंद्र मोनू पर बांसडीह रोड, छत्तीसगढ़, झारखंड सहित कई राज्यों व थानों में 12 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2022 में गांव के मुकेश सिंह से जमीनी विवाद को लेकर फायरिंग का मामला आया था, जिसमें मोनू सहित अन्य पर विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज हुआ था। उधर, पीए हत्याकांड में मोनू का नाम आने पर मुकेश सिंह की पत्नी रीमा सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। राज सिंह के गिरफ्तारी के बाद ज्ञानेंद्र सिंह मोनू अंडर ग्राउंड हो गया। नवीन के पास असलहा बरामद होने व उसका नाम आने के तीन चार दिन बाद मोनू का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। उसने अपने विपक्षी पर आरोप लगाया कि वह मुझे लेकर कोलकाता गया था। उसने ही मुझे कार दिलवाई थी। वह पीए हत्याकांड में मुझे फंसाना चाह रहा है।

**इंडिया गठबंधन में पड़ी दरार: डीएमके.....**

राजनीतिक गलियारों में चर्चा का माहौल गर्म है और यह आगामी राजनीतिक समीकरणों पर भी प्रभाव डाल सकता है। इंडिया ब्लॉक में पड़ी यह दरार संसद तक भी पहुंच चुकी है। रिश्तों में आई दरार उस वक्त सामने आ गई थी, जब डीएमके सांसद कनिमोझी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर डीएमके सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था करने की मांग की थी। उन्होंने कांग्रेस से अलग होने के बाद बदले हुए राजनीतिक हालात का हवाला दिया था। इस कदम को इंडिया गठबंधन के भीतर पड़ी दरार की पहली औपचारिक अभिव्यक्ति के तौर पर देखा गया। तृणमूल कांग्रेस की 2026 बंगाल विधानसभा चुनाव में करारी हार ने इंडिया गठबंधन को फिर से एकसाथ आने का मौका दिया है। ममता बनर्जी 8 जून को होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल हो सकती हैं। बैठक में हालिया हार और आगे रणनीति पर चर्चा का अनुमान है।

**संसद के मानसून सत्र में परिसीमन....**

जरूरत पड़ती है. इसी काम को परिसीमन कहते हैं. दक्षिण के राज्यों जैसे तमिलनाडु, केरलम, कर्नाटक वगैरह में जनसंख्या कम बढ़ी है क्योंकि इन राज्यों ने परिवार नियोजन यानी छोटे परिवार की नीति को अच्छे से अपनाया. उत्तर के राज्यों जैसे यूपी, बिहार में जनसंख्या ज्यादा बढ़ी है. अब अगर जनसंख्या के हिसाब से सीटें तय हुईं तो दक्षिण के राज्यों की सीटें कम हो जाएंगी और उत्तर की ज्यादा. दक्षिण के राज्यों को डर है कि उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण में अच्छा काम किया और बदले में उनकी संसद में ताकत कम हो जाएगी. यही इस पूरे मामले का सबसे बड़ा विवाद है. सरकार चाहती है कि बिल संसद में आने से पहले ज्यादा से ज्यादा दल उसके साथ हों. इससे बिल पास होने में आसानी होगी और विरोध भी कम होगा. इसीलिए मानसून सत्र शुरू होने से पहले और बैठकें और बातचीत होने की उम्मीद है. सबसे पहले सरकार बिल का नया ड्राफ्ट तैयार करेगी. फिर उसे सभी दलों को दिखाया जाएगा. अगर सहमति बनती है तो मानसून सत्र में यह बिल संसद में पेश हो सकता है. अगर सहमति नहीं बनी तो फिर से विवाद और विरोध की स्थिति बन सकती है. फिलहाल सबकी नजर इसी नए ड्राफ्ट पर है. अब तक कुल चार बार परिसीमन किया गया. पहली बार 1952, फिर 1962, फिर 1973 और आखिरी बार 2002 में हुई थी. तब से 543 पर ही सीटें फ्रीज हैं. मानसून सत्र आमतौर पर हर साल जुलाई के तीसरे सप्ताह से शुरू होता है और अगस्त के मध्य तक चलता है. साल 2025 की बात करें तो, पिछले साल 21 जुलाई से लेकर 21 अगस्त तक चला था.

**अब बंद होने वाली है भारत की....**

आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। साल 2026 की शुरुआत में ही कतर में प्रोडक्शन ठप होने से भारत के कई उद्योगों में गैस की भारी किल्लत हो गई थी। भारत के पास कच्चे तेल की तरह नेचुरल गैस का कोई बड़ा रणनीतिक रिजर्व भी नहीं है। गैस रुकने का सीधा मतलब है देश में यूरिया और खाद की किल्लत, जिससे सीधे आपकी थाली पर महंगाई का हमला होगा। देश के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार था। फिर भी भारत विदेशी गैस पर अरबों रुपये क्यों लुटा रहे था। दरअसल, कोयला चार तरह का होता है। पीट, लिग्नाइट, बिटुमिनस और एंथ्रेसाइट। भारत के पास जो कोयला है, वो बिटुमिनस और लिग्नाइट कैटेगरी का है, जिसे घटिया या लो-ग्रेड माना जाता है। इसमें सबसे बड़ी दिक्कत है हाई ऐश कंटेंट यानी भारी मात्रा में राख का होना। बेहतरीन क्वालिटी का एंथ्रेसाइट कोयला भारत में ना के बराबर है। यही भारतीय कोयले की सबसे बड़ी कमजोरी है। जब इस कोयले से गैस बनाने की कोशिश होती है, तो भारी मात्रा में निकलने वाली राख मशीनों को डैमेज कर देती है, पाइपलाइनों को ब्लॉक कर देती है और पूरा प्रोसेस फेल हो जाता है। यही वजह है कि पहले के सारे प्रयास नाकाम रहे। लेकिन अब 37,500 करोड़ के इस मिशन में ऐसी स्पेशल तकनीक और इंजीनियरिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# महादेव एप मनी लॉन्ड्रिंग मामला : हाईकोर्ट ने दी फ्रीज शेयर बेचने की अनुमति, लेकिन रकम पर कंपनियों का नहीं होगा अधिकार

बिलासपुर (दावा)। हाईकोर्ट ने महादेव ऑनलाइन सट्टा एप और मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़ी कंपनियों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा फ्रीज किए गए करीब 423 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों और डीमैट खातों की वैल्यू सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। साथ ही कहा है कि शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहता है और यदि फ्रीज किए गए शेयरों की कीमत गिरती है तो इससे भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है।



जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने अपने दिए गए फैसले में कंपनियों को यह छूट दी है कि वे फ्रीज किए गए शेयरों को बेचकर प्राप्त रकम को ईडी की निगरानी में सुरक्षित म्यूचुअल फंड या सरकारी सिक्योरिटीज में निवेश कर सकती है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पूरी राशि ईडी के नियंत्रण में ही रहेगी और कंपनियां उसे निकाल नहीं सकेंगी।

बता दें कि ईडी ने वर्ष 2022 में महादेव ऑनलाइन बुक सट्टा एप मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था। जांच के दौरान एजेंसी को जानकारी मिली कि सट्टेबाजी से अर्जित कथित अवैध धन को कोलकाता के कारोबारी हरि शंकर टिबरेवाल और सूरज चोखानी के माध्यम से विभिन्न कंपनियों में निवेश किया गया।

ईडी के मुताबिक इस रकम का इस्तेमाल शेयर बाजार में निवेश के लिए किया गया था। इसके बाद 28 फरवरी 2024 को ईडी ने कार्रवाई करते हुए आठ कंपनियों के डीमैट और ट्रेडिंग खाते फ्रीज कर दिए थे। इन खातों में मौजूद शेयरों की कुल वैल्यू 29 फरवरी 2024 की स्थिति में करीब 423.60 करोड़ रुपये आंकी गई थी।

हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि पीएमएलए कानून के तहत संपत्ति को फ्रीज या अटैच करने का उद्देश्य उसे सुरक्षित रखना होता है। केवल कागजी तौर पर अधिकार बनाए रखना पर्याप्त नहीं है। यदि शेयर बाजार में गिरावट के कारण संपत्ति की कीमत कम हो जाती है तो फ्रीज करने का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। कोर्ट ने कहा कि भविष्य में यदि कंपनियां केस जीतती हैं या सरकार संपत्ति जब्त करती है, दोनों ही स्थितियों में संपत्ति की वास्तविक वैल्यू सुरक्षित रहना जरूरी है। अदालत ने यह भी माना कि ईडी कोई निवेश प्रबंधन एजेंसी नहीं है, लेकिन संपत्ति का मूल्य बचाने वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती है।

# अनुकरणीय पहल : राजनांदगांव के नायर दंपत्ति ने ली अंतिम विदाई की अनोखी राह, चिकित्सा महाविद्यालय को करेंगे देहदान

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव निवासी नायर दंपत्ति ने देहदान की घोषणा की है। विदित हो कि एनजी नायर तथा राजलक्ष्मी नायर ने मृत्यु पश्चात शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव को अपने देहदान की घोषणा की है। युगांतर विद्यालय परिसर में परिवार के साथ निवासरत एन जी नायर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर में सन् 1957 से अपनी शासकीय सेवा की शुरूआत की। तत्पश्चात् शासकीय सेवा में रहते हुए रायपुर के दुर्गा महाविद्यालय से उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में एमए किया। विवाह पश्चात् उनकी पत्नी श्रीमती राजलक्ष्मी नायर ने भी शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर से शासकीय सेवा की शुरुआत की। शासकीय सेवा में रहते हुए नायर दंपत्ति ने अविभाजित मध्यप्रदेश के शाजापुर, बालाघाट, सिवनी, राजनांदगांव आदि



स्थानों में अपनी सेवाएं दी। नायर दंपत्ति ने अपनी शासकीय सेवा में लंबा समय दिग्विजय महाविद्यालय में बिताया। यही नहीं श्री नायर ने कार्यालय अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देते हुए लगभग एक दशक तक दिग्विजय महाविद्यालय के तत्कालीन स्नातकोत्तर अंग्रेजी साहित्य के विद्यार्थियों को अवैतनिक रूप से पढ़ाया। श्री नायर हस्त रेखा (ज्योतिष) एवं योग के अच्छे ज्ञाता है। उन्होंने सन् 80 के दशक में काफी समय तक गायत्री मंदिर में निःशुल्क योगासन की कक्षाएं ली। उल्लेखनीय है कि नायर दंपति प्रगतिशील विचारों के हैं। उन्होंने अपने जीवन को परंपरा से अलग हटाकर विद्यार्थियों के हित और अध्ययन में केन्द्रित किया है। नायर दंपत्ति ने देहदान के संबंध में बताया कि मेडिकल विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए उनका यह देहदान उपयोगी साबित होगा। दाह संस्कार से देह की कोई उपयोगिता नहीं रह जाती। उन्होंने आगे बताया कि हमारी देह, अध्ययन के काम आए। यही इसकी सबसे बड़ी सार्थकता है। श्रीमती राजलक्ष्मी नायर एवं एन जी नायर युगांतर पब्लिक के प्राचार्य मधुसूदन नायर के माता-पिता, गायत्री विद्यापीठ की पूर्व प्राचार्या शैलजा नायर के सास-ससुर डॉक्टर जयंत नायर एवं अनंत नायर के दादी-दादा हैं।

## पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 8 को

राजनांदगांव (दावा)। नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत 8 जून को सुबह 9 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ मेला में शामिल हो सकते हैं।

## आईटीआई राजनांदगांव में 8 को प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव (दावा)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 8 जून को सुबह 9 बजे से क्वेस कॉर्प लिमिटेड (बिजनेस सर्विस प्रोवाइडर) द्वारा टाटा मोटर्स पुणे (महाराष्ट्र) के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में 18 से 23 आयु के आईटीआई एवं कक्षा 12वीं उत्तीर्ण उम्मीदवार अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ उपस्थित हो सकते है।

# दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की जन्म जयंती पर, प्रतिमा पर माल्यार्पण, समाधि स्थल पर पुष्पांजलि और अस्पताल में सेवा, जयंती पर याद किए गए राजा देवव्रत सिंह

खैरागढ़ (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक, खैरागढ़ रियासत के राजा देवव्रत सिंह की जन्म जयंती बुधवार को श्रद्धा, सम्मान और जनसेवा के संकल्प के साथ परिवारजनो एवं समर्थकों के व्दारा मनाई गई।

बड़ी बहन राजकुमारी उज्जवला देवी सिंह, उनके पुत्र राजा आर्यव्रत सिंह, पुत्री एवं जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह सहित परिजनों, कांग्रेस नेताओं और बड़ी संख्या में समर्थकों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



जन्म जयंती के अवसर पर सबसे पहले सिविल लाइन स्थित दुर्गा चौक में दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व, जनसेवा और क्षेत्र के विकास में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। उसके बाद सभी लोग वीरेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के समाधि स्थल पहुंचे, जहां दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि के दौरान वातावरण भावुक हो उठा और समर्थकों द्वारा लगातार ''देवव्रत सिंह अमर रहें'' के नारे लगाए जाते रहे।

### श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात

राजकुमारी उज्जवला देवी सिंह, राजा आर्यव्रत सिंह, शताक्षी देवव्रत सिंह एवं उनके समर्थकों के व्दारा सिविल अस्पताल खैरागढ़ पहुंचकर।। वहां भर्ती मरीजों को फल एवं आवश्यक खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया। साथ ही उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि स्वर्गीय देवव्रत सिंह सदैव जनता के सुख-दुख में सहभागी रहे और उनकी जयंती पर जनसेवा का यह कार्य उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश लुनिया, अब्दुल रज्जाक खान, सुरेंद्र सिंह सोलंकी, सुदेश सिंह, पुरुषोत्तम वर्मा, जितेन्द्र सिंह गौर, यतेंद्र जीत सिंह ''छोटू'', नदीम मेमन, रवींद्र सिंह गहरवार, दिलीप लहरे, किशन रजक, मनोज बैद, मांगीलाल जैन, गीता यादव, दयाराम पटेल, मोती पाल, मंशाराम सिमकर, समीर कुरैशी,राजा वर्मा, पं.सुशील शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं स्वर्गीय देवव्रत सिंह के समर्थक उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि, जनसेवा और स्मरण के इस आयोजन ने एक बार फिर क्षेत्र में स्वर्गीय राजा देवव्रत सिंह की लोकप्रियता और उनके प्रति लोगों के गहरे सम्मान को प्रदर्शित किया।

# 28 जून को मनेगा जिला स्तरीय कबीर साहेब प्रगट महोत्सव, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

राजनांदगांव (दावा)। कबीर आश्रम मोहरा में विगत दिनों जिला स्तरीय कबीरपंथ अनुयायियों और संत-महंतों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत परम पूज्य कबीर साहेब की आरती के साथ की गई। जिसके बाद आगामी जिला स्तरीय कबीर साहेब प्रगट दिवस समारोह के भव्य आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रेस विज्ञप्ति में राजेश दास मानिकपुरी ने बताया कि राजनांदगांव जिले में इस वर्ष जिला स्तरीय सद्गुरु कबीर साहेब प्रगट उत्सव 28 जून को सर्व महंत साहेबानों के पावन सानिध्य में आयोजित किया जाएगा।



### महापौर करेंगे कबीर प्रवेश द्वार का भूमिपूजन, निकलेगी बाइक रैली

तय रूपरेखा के अनुसार प्रगट दिवस कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जी.ई. रोड (अग्रवाल ट्रांसपोर्ट के पास) स्थित कबीर चौक पर कबीर प्रवेश द्वार का भूमिपूजन किया जाएगा।

इस प्रवेश द्वार का निर्माण प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा स्वीकृत राशि से हो रहा है। जिसका भूमिपूजन महापौर मधुसूदन यादव द्वारा किया जाएगा। भूमिपूजन के तुरंत बाद सभी कबीरपंथी अनुयायी और उपस्थित संत-महंत एक विशाल शोभायात्रा सह बाइक रैली निकालेंगे।

यह रैली कबीर भजनों और कीर्तनों की गूंज के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए नंदई चौक में भव्य समापन होगा। सद्गुरु कबीर साहेब प्रगट उत्सव की अग्रिम और सुचारू तैयारियों को लेकर अगली महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। जिसमें 7 जून को प्रातः 10 बजे से कबीर कुटी शंकरपुर (वार्ड नं. 09) राजनांदगांव में रखा गया है।

मोहरा आश्रम की बैठक में कबीरपंथ के पदाधिकारियों ने राजनांदगांव शहर के सभी 51 वार्डों के नागरिकों सहित पूरे जिले के ग्रामवासियों और कबीर पंथ के समस्त अनुयायियों से 7 जून की बैठक एवं 28 जून के मुख्य महोत्सव में सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आत्मीय अनुरोध किया है।

# छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत के पुरोधा खुमानलाल साव पर केंद्रित पुस्तक की सुंदरा में हुई समीक्षा

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव की सक्रिय साहित्यिक संस्था साकेत साहित्य परिषद सुरगी द्वारा ग्राम सुंदरा के कर्मा सामुदायिक भवन में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत के महान पुरोधा स्वर्गीय खुमानलाल साव पर केंद्रित और वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह साहू द्वारा संपादित पुस्तक स्मृतियों के सुवासित पुष्प पर समीक्षात्मक बौद्धिक परिचर्चा संपन्न हुई। लोक कलाकार भोलाराम साहू एवं युवा कवि रूपल साहू के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम के वैचारिक सत्र के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बलदाऊराम साहू (दुर्ग) थे। जबकि अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य शिवबालक दास साहू (दुर्ग) ने की।

### साव जी की संगीत साधना में मजबूत था शास्त्रीय पक्ष

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बलदाऊराम साहू ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि खुमानलाल साव की संगीत साधना में शास्त्रीय पक्ष भी बेहद मजबूत रहा। खुमान संगीत की मधुरता ही इसका सबसे बड़ा प्रमाण है, जिसका जनमानस पर आज भी गहरा प्रभाव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिवबालक दास साहू ने कहा कि संगीत के प्रति अटूट समर्पण और कड़े अनुशासन ने खुमान सर को छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत की दुनिया में अमर कर दिया है।

### चंदैनी गोंदा के माध्यम से संगीत को दी नई ऊंचाई

साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू 'अंकुर' ने स्वागत भाषण में कहा कि वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर साहू द्वारा संपादित यह पुस्तक एक बड़ी उपलब्धि है। दाऊ रामचंद्र देशमुख के बाद खुमानलाल साव ने 'चंदैनी गोंदा' के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत को देश-दुनिया में नई ऊंचाई दी। युवा कवि रूपल साहू ने अपने आधार वक्तव्य में कहा कि खुमान सर



साकेत साहित्य परिषद सुरगी का गरिमामय आयोजन : स्मृतियों के सुवासित पुष्प कृति को साहित्यकारों ने बताया संग्रहणीय

ने नई पीढ़ी के कलाकारों को लगातार तराशा और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए। समरस साहित्य संस्थान के प्रांताध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा 'अकाट्य' ने कहा कि उनके अनुशासन प्रिय व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और अस्मिता के लिए काम करना चाहिए। शिवनाथ साहित्य धारा के अध्यक्ष महेंद्र कुमार बघेल 'मधु' ने समीक्षा करते हुए पुस्तक को प्रेरणास्पद बताया, हालांकि उन्होंने साव जी के पारिवारिक पृष्ठभूमि की वृहद जानकारी की कमी को पूरा करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। प्रथम सत्र का संचालन पूर्व अध्यक्ष लखनलाल साहू 'लहर' ने किया तथा आभार प्रदर्शन संयोजक भोलाराम साहू ने किया।

### द्वितीय सत्र : सरस कवि गोष्ठी में गूंजीं विविधतापूर्ण रचनाएं

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एक भव्य कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा ने की। इस सत्र में निकुम से प्यारे लाल देशमुख, बालोद से देवजोशी गुलाब, सुंदरा से सुरेंद्र कुमार साहू व विनोद कुमार साहू और राजनांदगांव से देवेश देवांगन विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। कवि गोष्ठी में क्षेत्र के नामचीन और उदीयमान रचनाकारों ने अपनी विविध विधाओं की कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य पाठ करने वालों में राजकुमार चौधरी 'रौना, प्रभात तिवारी, डामन लाल डोंगरे, आनंद राम सार्वा, गुमान सिंह साहू, नंद किशोर साव 'नीरव, भोलाराम साहू, पवन यादव 'पहुना, फकीर प्रसाद साहू, रूपल साहू, डोहर दास साहू, चंचल साहू, बलराम सिन्हा, धनंजय साहू 'दौना, एस कुमार साहू 'मोखला, अरविंद कुमार लाल, अलखराम यादव, ओमप्रकाश साहू 'अंकुर, लखन लाल साहू 'लहर' एवं हर्षा देवांगन आदि है। इस सत्र का सफल संचालन परिषद के उपाध्यक्ष पवन यादव 'पहुना' ने किया तथा आभार प्रदर्शन परिषद के सचिव राज कुमार चौधरी 'रौना' द्वारा किया गया। इस गरिमामय आयोजन में विशिष्ट श्रोताओं के रूप में राजेंद्र कुमार देवांगन, भूषण यादव, गैंद लाल साहू, रामस्वरूप साहू, संतराम निर्मलकर, मीना साहू, हेमू साहू, राधा यादव, चुरामन लाल साहू, राजू, हरिराम सिन्हा और राजेंद्र गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कलाप्रेमी उपस्थित थे।

# शास. उ. माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में व्यावसायिक शिक्षा पर काउंसलिंग

हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में कक्षा 9वी में नव-प्रवेशित बच्चों के लिए काउंसलिंग सेशन रखा गया, जिसमें पालक तथा बच्चों को बुलाया गया। जिसमें लगभग 30 बच्चे उपस्थित थे। इस बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा के बारे में बताया गया और हेल्थकेयर ट्रेड के बारे में बताया गया कि उन्हें हेल्थकेयर ट्रेड क्यों लेना चाहिए? हेल्थ केयर में होने वाली गतिविधि जैसे अतिथि व्याख्यान, इंडस्ट्रियल विजिट, ऑन जॉब ट्रेनिंग, इंटर्नशिप, मॉडल प्रेजेंटेशन, चार्ट प्रेजेंटेशन, प्लेसमेंट आदि अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी गई। व्यावसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण के द्वारा बताया गया आज के समय में सबको जॉब दे



पाना संभव नहीं है और आने वाले समय में जॉब की समस्या और अधिक बढ़ने वाली है। ऐसी स्थिति में हेल्थकेयर ट्रेड लेकर पढ़ने वाले बच्चों को जॉब मिलने में आसानी होगी। साथ ही जॉब ना मिल पाने की स्थिति में खुद का व्यवसाय शुरू करके खुद का जॉब सृजन कर सकते हैं। इस बात का समर्थन वहां उपस्थित हेल्थकेयर ट्रेड में उत्तीर्ण बच्चों ने भी किया जो आज अलग-अलग मेडिकल की पढ़ाई तथा जॉब कर रहे हैं। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य केके साहू व्यावसायिक शिक्षा पर बात करते हुए इसकी महत्ता पर चर्चा की। साथ ही बताया की नई शिक्षा नीति 2020 में तहत भी व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्राचार्य तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक एवं हेल्थकेयर ट्रेड में उत्तीर्ण विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# घुमका में कांग्रेस की जीत से बढ़ा कार्यकर्ताओं का उत्साह, बैज की रणनीति और भूपेश बघेल की सभा ने पलटा पासा

राजनांदगांव (दावा)। नवगठित घुमका नगर पंचायत के पहले ऐतिहासिक चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती जयकुमार वर्मा की शानदार जीत ने पार्टी संगठन और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा व जबरदस्त उत्साह का संचार कर दिया है। स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों और कांग्रेस नेताओं के अनुसार यह ऐतिहासिक सफलता फूलमती वर्मा की सहज, सरल और जनसरोकारों से जुड़ी छवि के साथ-साथ प्रदेश नेतृत्व की पुख्ता रणनीति और मैदानी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का सीधा प्रतिफल है।

### दीपक बैज की और भूपेश बघेल की आमसभा का मिला सीधा लाभ

घुमका नगर पंचायत चुनाव को प्रदेश नेतृत्व ने कितनी गंभीरता से लिया था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने खुद कमान संभालते हुए लगातार संगठनात्मक

**○ अध्यक्ष सहित 4 वार्डों में मिली सफलता, पदम कोठारी के रणनीतिक प्रबंधन से चित हुए भाजपा के दिग्गज दिलीप पटेल**
**○ संगठन की एकजुटता लाई रंग : विधायक हर्षिता, दलेश्वर, भुनेश्वर सहित दिग्गज नेताओं की जमीनी मेहनत से खिला हाथ**

बैठकें कीं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने क्षेत्र में एक विशाल आमसभा को संबोधित कर माहौल को पूरी



तरह कांग्रेस के पक्ष में मोड़ दिया। शीर्ष नेतृत्व की इस सक्रियता का परिणाम यह रहा कि कांग्रेस न सिर्फ अध्यक्ष पद पर काबिज हुई। बल्कि नगर पंचायत के 4 महत्वपूर्ण वार्डों में भी पार्टी प्रत्याशियों ने परचम लहराया। वहीं पदम कोठारी के रणनीतिक प्रबंधन से भाजपा के दिग्गज दिलीप पटेल चुनाव में पराजित हुए।

### नेताओं की फौज ने संभाला था मोर्चा, घर-घर पहुंचा हाथ

चुनाव प्रचार के दौरान जिला स्तर के शीर्ष नेताओं ने सुदूर वार्डों और बूथ स्तर तक पहुंचकर मोर्चा संभाला था। प्रचार अभियान की मुख्य कमान विधायक व घुमका चुनाव संयोजक दलेश्वर साहू, क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, चुनाव पर्यवेक्षक रमेश डाकलिया, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव, शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, डॉ. थानेश्वर पाटिला, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेस नेताद्वय श्रीकिशन खंडेलवाल, चंद्रेश वर्मा और पदम कोठारी, पंकज बांधव जैसे दिग्गजों के हाथों में थी।

### आगामी चुनावों के लिए संजीवनी बनेगी यह जीत

मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश डाकलिया ने कहा है कि घुमका नगर पंचायत की यह जीत केवल एक प्रत्याशी की नहीं, बल्कि समूचे कांग्रेस संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं के पसीने की जीत है। कार्यकर्ताओं ने इस चुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का विषय मानकर काम किया। जिससे बूथ स्तर पर बेहतरीन समन्वय देखने को मिला। नेताओं ने विश्वास जताया कि सुदूर वनांचल और ग्रामीण परिवेश से जुड़े इस नवगठित निकाय में मिली यह शानदार जीत आगामी स्थानीय और बड़े चुनावों के लिए पार्टी में एक मजबूत संजीवनी का काम करेगी।

# घुमका नपं चुनाव परिणाम : अध्यक्ष पद पर कांग्रेस का कब्जा, 4 कांग्रेस तो एक निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी विजयी, 10 वार्ड जीतकर भाजपा बनी बड़ी पार्टी

**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 अंतर्गत नगर पंचायत घुमका के अध्यक्ष पद एवं 15 वार्डों के लिए मतदान पश्चात मतगणना स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी व हिन्दी उत्कृष्ट विद्यालय घुमका में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जारी निर्वाचन परिणाम अनुसार आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी अलिशा जोशी को 70 मत, कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती जयकुमार वर्मा को 1512 मत, भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा को 1427 मत मिले। वहीं नोटा को 22 मत एवं अंडर वोट 29 मत रहा। इस तरह मतदान मशीन के अनुसार रिकार्ड किए गए मतदाताओं कुल संख्या 3060 तथा मतों की कुल संख्या 3060 रही। नगर पंचायत घुमका के अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी फूलमती जयकुमार वर्मा 1512 मत के साथ विजयी रही। भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा को 1427 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे।

इसी तरह नगर पंचायत घुमका अंतर्गत वार्ड क्रमांक-1 शीतला माता वार्ड के पार्षद पद के लिए भाजपा प्रत्याशी इंदिरा वर्मा 135 मत के साथ विजयी रहे। कांग्रेस के प्रत्याशी योगेश्वरी पटेल 81 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-2 स्व. चिंताप्रसाद, स्व. बेनी प्रसाद वार्ड के पार्षद पद के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी गौरव शर्मा 139 मत के साथ विजयी रहे। भाजपा प्रत्याशी किशन सिंह चंदेल 139 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। एक समान मत मिलने पर लाट निकालने पर कांग्रेस के प्रत्याशी गौरव शर्मा विजयी रहे। वार्ड क्रमांक-3 गुरू घासीदास वार्ड के पार्षद पद के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी कुमार नाथ बघेल 46 मत के साथ विजयी रहे। भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार बघेल 40 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-4 ठाकुरदेव वार्ड के पार्षद पद के लिए भाजपा प्रत्याशी शैलेन्द्र वर्मा 163 मत के साथ विजयी रहे। कांग्रेस प्रत्याशी कोमल यदु 40 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-5 देवरीडीह वार्ड के पार्षद पद के लिए भाजपा अभ्यर्थी रूपनारायण साहू



○ वार्ड-2 में आया अजब मोड़, दोनों प्रत्याशियों को मिले बराबर 139 मत, लॉटरी ( लॉट ) से तय हुई कांग्रेस के गौरव शर्मा की किस्मत
○ वार्ड-14 में महज 1 वोट से जीते निर्दलीय संतोष, स्वामी आत्मानंद स्कूल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई मतगणना

75 मत के साथ विजयी प्रत्याशी रहे। कांग्रेस के प्रत्याशी पीताम्बर लाल निषाद 70 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-6 महाराणा प्रताप वार्ड के पार्षद पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद वर्मा 54 मत के साथ विजयी प्रत्याशी रहे। भाजपा प्रत्याशी दिलीप पटेल 40 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-7 महात्मा गांधी वार्ड के पार्षद पद के लिए भाजपा प्रत्याशी गोविन्दा यादव 66 मत के साथ विजयी प्रत्याशी रहे। निर्दलीय प्रत्याशी लोकेश कुमार 45 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-8 अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड के पार्षद पद के लिए भाजपा प्रत्याशी नोहेन्द्र कुमार सिन्हा 153 मत के साथ विजयी प्रत्याशी रहे। कांग्रेस प्रत्याशी लोचन प्रसाद निर्मलकर 94 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-9 बजरंग वार्ड के पार्षद पद के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी उषा पप्पू वर्मा को 107 मत के साथ विजयी प्रत्याशी रहे। भाजपा प्रत्याशी निशा राजेश वर्मा 98 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-10 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड के पार्षद पद के लिए भाजपा प्रत्याशी रोशन कुमार वर्मा 45 मत के साथ विजयी प्रत्याशी रहे। निर्दलीय प्रत्याशी थानूराम यादव 34 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-11 रानी अवंती बाई वार्ड के पार्षद पद के लिए भाजपा प्रत्याशी खिलेश कुमार यादव 90 मत के साथ विजयी प्रत्याशी रहे। कांग्रेस प्रत्याशी डिलेश्वर वर्मा 73 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-12 चंडी माता वार्ड के पार्षद पद के लिए भाजपा प्रत्याशी सुनीता गंगेश्वर वर्मा 86 मत के साथ विजय प्रत्याशी रहे। कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पा रितेश पटेल 25 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-13 सुभाष चंद्र बोस वार्ड के पार्षद पद के लिए भाजपा प्रत्याशी लोकेश्वरी सूरज पात्रे 201 मत के साथ विजयी प्रत्याशी रहे। कांग्रेस के प्रत्याशी शबाना रसूल खान 71 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-14 मिनीमाता वार्ड के पार्षद पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी संतोष 83 मत के साथ विजय प्रत्याशी रहे। भाजपा के आलोक भारती 82 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे। वार्ड क्रमांक-15 विजय स्मारक वार्ड के पार्षद पद के लिए भाजपा प्रत्याशी रूखमणी बाई वर्मा 138 मत के साथ विजयी प्रत्याशी रहे। कांग्रेस के बबीता शेखर वर्मा 131 मत के साथ निकटतम प्रत्याशी रहे।

## आईपीएल सट्टा मामले में फरार आरोपी राकेश उमरे गिरफ्तार, बसंतपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालन के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल डेटा के विश्लेषण के आधार पर पुलिस इस आरोपी तक पहुंचने में कामयाब रही।



**मोबाइल विश्लेषण और तकनीकी साक्ष्यों से खुला राज, पूर्व में जेल जा चुके आरोपी श्याम यादव से मिला था क्लू**

### क्या है पूरा मामला?

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि थाने में पूर्व में आईपीएल क्रिकेट सट्टा खेलने और खिलाने के आरोप में अपराध क्रमांक 192/2026, धारा 6,7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी श्याम यादव को पहले ही रंगे हाथों गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था।

मुख्य आरोपी श्याम यादव की गिरफ्तारी के बाद मामले की बारीकी से विवेचना की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा जब्त किए गए मोबाइल फोन्स के कॉल रिकॉर्ड्स, चैट और तकनीकी साक्ष्यों का गहराई से विश्लेषण (मोबाइल एनालिसिस) किया गया। इस जांच में सट्टे के इस अवैध कारोबार में एक और आरोपी राकेश कुमार उमरे निवासी समता कालोनी, पनेका बांकल की सीधी संलिप्तता और मुख्य भूमिका खुलकर सामने आई। मामला प्रकाश में आने के बाद से ही आरोपी राकेश कुमार लगातार फरार चल रहा था और पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए ठिकाने बदल रहा था। पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशन में फरार सटोरियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बसंतपुर पुलिस की एक विशेष टीम आरोपी की लगातार खोजबीन कर रही थी। मुखबिर की सटीक सूचना और घेराबंदी के आधार पर बसंतपुर पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार उमरे को धर दबोचा। गिरफ्तारी की कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आईपीएल सीजन के दौरान अंचल में सक्रिय सटोरियों और उनके नेटवर्क को पूरी तरह से ध्वस्त करने के लिए पुलिस की साइबर सेल और स्थानीय टीमें लगातार मुस्तैद हैं। सट्टे के इस पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य संदिग्धों और पैसों के लेन-देन (ट्रांजैक्शन) की भी जांच की जा रही है, ताकि इस अवैध कारोबार की जड़ों को पूरी तरह से उखाड़ा जा सके।

## बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए महापौर ने कसी कमर, नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने आज बजट प्रावधान क्रियान्वयन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियो की बैठक लेकर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा की उपस्थिति में बजट प्रावधानों पर बिन्दुवार चर्चा कर दिशा निर्देश दिये। महापौर ने बैठक में कहा की गत वित्तीय वर्ष के दीर्घकालीन योजनाएं जो प्रगतिरत है उन्हें आगे बढ़ाकर पूरा करना है। इसी प्रकार इस वर्ष के प्रावधानों का भी क्रियान्वयन करना है। उन्होने कहा की सभी प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी अधिकारी प्रावधान अनुसार स्थानीय एवं शासन स्तर पर प्रक्रिया करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्रावधानों का लाभ जनता को मिल सके। उन्होने बिन्दुवार सभी प्रावधानों के संबंध में प्रभारी अधिकारियो से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए।




**गंजपारा स्कूल का कायाकल्प, सड़क चौड़ीकरण और हाईमास्क के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी, कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए सामान्य सभा से मिली हरी झंडी**

आयुक्त ने जानकारी दी कि कुछ प्रावधानों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमे निर्धन छात्रा शिक्षा व्यवस्था अंतर्गत तीन शाला में निर्धन छात्राओं के वार्षिक शुल्क के लिए प्राचार्यो को राशि दी गयी है। वार्डो में डस्टबिन वितरण किया जा रहा है। मस्ती की पाठशाला का हर रविवार को आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा गंजपारा अंग्रेजी माध्यम स्कूल का जीर्णोध्दार किया गया। सड़क चैड़ी करण व उन्नयन कार्य, मंदिरों का जीर्णोध्दार, हाईमास्क लगाने के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। आयुक्त ने कहा की काम्पलेक्स निर्माण के लिए पुराने भवन तोड़ने सामान्य सभा से स्वीकृति उपरांत आगे की प्रक्रिया की जा रही है। पाईप लाईन विस्तार टंकी निर्माण जल सयंत्र गृह मरम्मत के लिए शासन स्तर पर तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियंता को भेजा गया है।

महापौर ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए उचित स्थल का चयन कर प्रक्रिया करें ताकि वर्षा ऋतु में पौधरोपण किया जा सकें। इसके अलावा व्यवसायिक परिसर निर्माण, तालाब संरक्षण व सौंदर्यीकरण, उद्यान संरक्षण, चैक चैराहों का सौंदर्यीकरण, प्रतिमा स्थापना, क्रिकेट टर्फ का निर्माण, महिला हाट बाजार व महिला प्रसाधन, डाग शेल्टर आदि प्रावधानों के अलावा अन्य प्रावधानों के लिए शासन की अधोसरचना, पर्यावरण उपकर निधि, 15वें वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन योजनांतर्गत प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें तथा जिन प्रस्तावो को शासन को भेजा गया है। शासन स्तर पर उसकी स्थिति की जानकारी लेकर अवगत कराए। जिससे आगे की प्रक्रिया की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी बजट प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए प्रक्रिया करें, ताकि प्रवाधनों का क्रियान्वयन होकर धरातल पर काम दिख सके। बैठक में कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे, कार्यपालन अभियंता (संविदा) यूके रामटेके, प्र. कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, शिक्षा सचिव संजीव मिश्रा, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे उपस्थित थे।

## बैंक और विभाग आपसी समन्वय से पात्र हितग्राहियों को समय पर दें लोन, कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दिए कड़े निर्देश

**राजनांदगांव (दावा)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मार्च तिमाही 2026 के तहत जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक ली।



कलेक्टर ने विभिन्न बैंकिंग एवं शासकीय योजना अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने तथा पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक एवं विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाए। उन्होंने एलडीएम द्वारा जून माह में पीएम स्वनिधि महोत्सव एवं खेत बचाओ अभियान के संबंध में जानकारी ली। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, एसएचजी बैंक क्रेडिट लिंकेज, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड फिशरीज, केसीसी पशुपालन, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई एवं पीएम अजय योजना के प्रगति की समीक्षा गई।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय एवं यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, पंजाब नेशनल बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा राजनांदगांव के शाखा प्रबंधकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड मनोज नायक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक राजनांदगांव व प्रभारी निदेशक आरसेटी मुनीश शर्मा, अमित मिश्रा सहित विभिन्न बैंकों एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## घुमका में पार्टी का जनाधार कायम रहा - कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत में आज नगर पंचायत घुमका के चुनाव परिणाम में जनता के निर्णय को स्वीकार करते हुए कहा कि चुनाव वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में लड़ा गया और कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की। परंतु लोकतंत्र में जनता का जनादेश स्वीकार्य है। कांग्रेस की तरह हार का ठिकरा दूसरों पर फोड़ना भाजपा की संस्कृति नहीं होती। इसलिए जिला अध्यक्ष होने के नाते हार की जिम्मेदारी लेता हूं। साथ ही राजपूत ने कहा कि यहां की जनता का वोट प्रतिशत भाजपा के पक्ष मे है। अध्यक्ष पद की हार की हम समीक्षा करेंगे और नगर पंचायत में बहुमत होने के कारण उपाध्यक्ष भाजपा का होगा। श्री राजपूत ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यहां 15 पार्षदों में से 10 भाजपा पार्षदों को जनता ने समर्थन दिया है, इसलिए विकास की गति घुमका में कभी नहीं रुकेगी। भाजपा ने जो कहा है, वह जरूर पूरा करेगी।


**बेचना हैं**
चिखली थाना के पीछे दीनदयाल कॉलोनी में एक प्लाट (साईज 20x50 वर्ग फीट) डायवर्सन, भवन अनुज्ञा एवं बोर किया हुआ है जिसे शीघ्र बेचना हैं।
-: संपर्क :-
मो.-8103434815


## घुमका में कांग्रेस की जीत, 2028 का सेमीफाइनल, भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता ने नकारा : विपिन यादव



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने घुमका नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी फूलमती वर्मा की विजय को कांग्रेस संगठन की एकजुटता, सुनियोजित रणनीति और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम बताया है। विपिन यादव ने कहा कि घुमका का यह परिणाम केवल एक स्थानीय निकाय चुनाव का परिणाम नहीं है, बल्कि 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले जनता का स्पष्ट राजनीतिक संदेश है। यह चुनाव एक प्रकार का सेमीफाइनल था। जिसमें जनता ने बता दिया है कि वह भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों एवं आम जनता की उपेक्षा से असंतुष्ट है। जनता का भाजपा से विश्वास लगातार कम हुआ है और कांग्रेस के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी की संगठित जीत है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाई गई रणनीति, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के बीच निरंतर सक्रियता का यह सकारात्मक परिणाम है। भाजपा नेताओं ने चुनाव के दौरान घुमका के मतदाताओं को हरसंभव तरीके से प्रभावित करने का प्रयास किया, लेकिन घुमका की जनता ने लोकतांत्रिक परिपक्वता का परिचय देते हुए कांग्रेस पार्टी और प्रत्याशी फूलमती वर्मा पर अपना विश्वास कायम रखा। यह परिणाम उसी अटूट जनविश्वास का प्रमाण है। विपिन यादव ने कहा कि इस चुनाव में क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायकगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं कांग्रेस के सभी समर्पित साथियों ने पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया। बूथ स्तर से लेकर चुनाव संचालन तक सभी ने एक टीम के रूप में काम किया। जिसका परिणाम आज ऐतिहासिक विजय के रूप में सामने आया है। उन्होंने घुमका की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनादेश केवल नगर पंचायत चुनाव का परिणाम नहीं है, बल्कि भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता की लोकतांत्रिक प्रतिक्रिया है। घुमका से निकला यह संदेश दूर तक जाएगा और आने वाले चुनावों में भी इसकी गूंज सुनाई देगी।


(हेमंत साहू) 98271-56852 94241-15737
**शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग**
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु संपर्क करें
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा
नंदई, कुआं चौक राजनांदगांव (छ.ग.)


## बरगांव सरपंच पति-सहयोगी बने रेत माफिया, घुमरिया नदी को किया खोखला, खुलेआम हो रही रेत चोरी

**डोंगरगांव (दावा)।** समीपस्थ ग्राम बरगांव के सरपंच पति और ग्राम के ही एक व्यक्ति द्वारा रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है. गौरतलब है कि नगर की सीमा में बहने वाली घुमरिया नदी लगातार डोंगरगांव की ओर कटाव कर रही है और बरगांव व डोंगरगांव निकाय के सीमा क्षेत्र में यह पूरा खेल चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ये माफिया आवास के नाम पर रेत निकालते हैं और बाहर हजारों रुपये में बेच रहे हैं। एक जनप्रतिनिधि होकर रेत की चोरी जैसे मामले में नाम उजागर होने से सरपंच पत्नी की छवि धूमिल कर रहे हैं। इन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे शासन प्रशासन को चुनौती देते हैं कि कोई हमारा कुछ नहीं कर सकता। सूत्रों की मानें तो इन माफियाओं के द्वारा गांव के लोगों को डराने-धमकाने की जानकारी प्राप्त हो रही है।

बता दें कि ग्राम बरगांव की ओर से आने वाले रास्ते मे पुल के पहले ही पगडंडी से होते हुए घाट तक पहुंचा जा सकता है। इस घाट से बारीक और जोड़ाई के लिए रेत का अंधाधुंध उत्खनन हो रहा है। रेत चोरी के मामले में गांव के ही अमरचंद यादव और सरपंच पति हेमलाल उइके के द्वारा करीब एक से डेढ़ एकड़ क्षेत्र में रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा चुका है। इनके द्वारा रेत का दोहन लगातार



**आवास निर्माण की आड़ में हजारों रुपये में बेची जा रही रेत, डोंगरगांव और बरगांव सीमा क्षेत्र में खनन का काला खेल**

किया जा रहा है। ग्रामीणों से चर्चा में पता चला कि रेत का अवैध कारोबार करने वाला अमरचंद गांव में भी लोगों का धमकाने का प्रयास करता है और उसके द्वारा विगत तीन माह से रेत के उत्खनन और परिवहन की जानकारी सामने आ रही है। इधर सरपंच पति के द्वारा भी रेत चोरी जैसे मामले में शामिल होकर नदी की दशा और दिशा ही बदलकर रख दिया गया है। इन रेत माफियाओं के द्वारा बरगांव घाट के साथ-साथ डोंगरगांव घाट के रेत की चोरी लगातार किया जा रहा है। नदी के घाट में रेत चोरी करते समय मीडियाकर्मियों व्दारा पकड़े जाने पर बरगांव सरपंच के पति हेमलाल उइके ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन की बात स्वीकारी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उसका सहयोगी अमरचंद यादव के द्वारा सैकड़ों ट्रिप रेत निकाला जा चुका है। इस मामले में ग्राम के ही निवासी जनपद सदस्य विवेक मंडावी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि अमरचंद को अनेक बार रेत के उत्खनन और परिवहन के लिए मना किया गया और उसे गांव स्तर पर दंड भी किया गया है। बावजूद इसके वह लगातार गलत कृत्य में शामिल होता रहा है। वहीं बरगांव की महिला सरपंच के पति हेमलाल उइके के द्वारा रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त होना निंदनीय है। हम पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने और अवैध परिवहन व खनन के विरोध में हैं। इस संबंध में बरगांव सरपंच, डोंगरगांव एसडीएम और डोंगरगांव तहसीलदार से दूरभाष में संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु व्यस्त होने के चलते किसी से बात नहीं हो पायी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर महापौर की भावुक अपील : एक पेड़ मां के नाम लगाएं, कोरोना काल में



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली को बढ़ावा देने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून शुक्रवार को अपने अपने घर व आसपास रिक्त भूमि पर पौधे लगाने का संकल्प लेने महापौर मधुसूदन यादव ने नगरवासियो से अपील की है। साथ ही उन्होंने एक पेड़ मॉ के नाम लगाकर परिवार को वृक्षारोपण से जोडने की अपील की है महापौर ने अपील करते हुए कहा कि आज के इस औधोगीकरण एवं शहरी करण के युग में पौधे लगाने की नितांत आवश्यकता है। क्योंकि इसके कारण वृक्षों की अंधा-धुध कटाई हो रही है और कटाई के अनुपात में वृक्ष नहीं लग पा रहे है। जिससे हमारा जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होने कहा कि कोरोना महामारी में आक्सीजन की कमी के कारण हमने अपनों को खोया है। ये हमारे लिए सबसे बड़ा सबक है। इन बातों को ध्यान में रखते हुये हम सब अपने घर, आंगन व घर के आस पास एक पौधे लगाये एवं अपने बच्चों को भी प्रेरित करे। ताकि भविष्य में उन्हें इस प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने कहा कि शासन ने वृक्षारोपण को परिवार से जोडने एक पेड़ मॉ के नाम से लगाने अभियान चलाया है। जिसका अर्थ परिवार के सभी लोग पेड को मॉ की तरह सम्मान देकर उसकी देखरेख करें। जिससे वृक्ष मॉ की तरह खड़ा होकर हमे आक्सीजन प्रदान कर सके।

महापौर ने कहा कि शहर को हरा-भरा करने एवं स्वच्छ वातावरण निर्मित करने नगर निगम द्वारा विगत 7-8 वर्षो से लगातार शहर में वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिसके तहत शहर में सडक के किराने, डिवाईडर, फ्लाई ओव्हर के नीचे, वार्डो एवं कालोनी में, शासकीय संस्थाओं, शिक्षण संस्थाओं के अलावा अन्य रिक्त क्षेत्रों में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किये गये है। रोपित पौधों को प्रतिदिन संरक्षित किया जा रहा है। जिनमे से लगभग 90 प्रतिशत पौधे जीवित है और अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले लिए है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आज के इस भाग दौड के युग में सुकुन एवं स्वच्छ वातावरण के लिए पौधे जरूर लगाए। इसके लिए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को कम से कम एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने का हम सब संकल्प ले।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com